प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



बिहार में अवसर गंवाता विपक्ष पेज- 2

www.newswani.in

पेज-6 दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत दूसरा गंभीर

वर्ष : 15 अंक : 60 | बुधवार 18 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बैठक के लिए मुंबई पहुंचे पीएम मोदी, द्विपक्षीय मुद्दों पर करेंगे चर्चा

(एजेंसी) मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बातचीत के लिए मुंबई पहुंचे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मैक्रों के साथ बैठक के लिए प्रधानमंत्री हवाई अड्डे से दक्षिण मुंबई स्थित लोक भवन (पहले राजभवन) पहुंचे। गवर्नर आचार्य देवव्रत ने उनका स्वागत किया। दोनों नेता भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। उनकी बातचीत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने तथा उन्हें नए और उभरते क्षेत्रों में बढ़ाने पर केंद्रित होगी। मोदी और मैक्रों क्षेत्रीय तथा वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। राष्ट्रपति मैक्रों भारत की मेजबानी में आयोजित इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बुलावे पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। मुंबई में वह मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखरवार्ता में भाग लेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर देर रात मुंबई पहुंचे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), महत्वपूर्ण



खनिजों और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊंचाई पर ले जाने का संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत रूप से स्वागत करते हुए लिखा, ष्मेरे प्रिय मित्र इमैनुएल मैक्रों भारत में आपका स्वागत है। भारत हमारे द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उत्सुक है। आपसे मुंबई और बाद में दिल्ली में मुलाकात होगी।ष दोनों नेता आज मुंबई के लोक भवन में व्यापक द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। उम्मीद है कि वे भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के तहत हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। हिंद–प्रशांत सहयोग सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे और रक्षा, व्यापार, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा, आपूर्ति शृंखला तथा महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित लगभग एक दर्जन समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर के साक्षी बनेंगे। आज शाम 5रू15 बजे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों गेटवे ऑफ इंडिया पर संयुक्त रूप से श्भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष 2026श का उद्घाटन करेंगे। वे दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं, स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं और नवाचारकों की एक उच्च–स्तरीय सभा को संबोधित करेंगे, जो तकनीकी और उद्यमशीलता संबंधों को बढ़ावा देने के लिए साल भर चलने वाली पहल की औपचारिक शुरुआत होगी। वर्ष 2017 में कार्यभार संभालने के बाद से राष्ट्रपति मैक्रों की यह चौथी भारत यात्रा है और मुंबई की उनकी पहली यात्रा है। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर हो रही है और पिछले साल प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा के दौरान अपनाये गये श्होराइजन 2047श रोडमैप पर आधारित है। मुंबई में आज के कार्यक्रमों के बाद राष्ट्रपति मैक्रों 18–19 फरवरी को श्इंडिया एआई इम्पैक्ट समिटश में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली जायेंगे। उनकी यात्रा को लेकर दक्षिण मुंबई के प्रमुख इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है तथा लोक भवन और गेटवे ऑफ इंडिया के आसपास यातायात में बदलाव कर दिया गया है। इस यात्रा को भारत की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में से एक माना जा रहा है। इसका लक्ष्य दोनों पक्षों के लंबे समय से चले आ रहे रक्षा और रणनीतिक सहयोग को अत्याधुनिक तकनीकों और आर्थिक क्षेत्रों में गहरे सहयोग में बदलना है। द्विपक्षीय वार्ता के अन्य परिणामों और हस्ताक्षरित समझौतों की सूची आज बाद में एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में साझा किये जाने की उम्मीद है। इन घटनाक्रमों पर भारत के रक्षा आधुनिकीकरण, एआई पारिस्थितिकी तंत्र और व्यापक वैश्विक तकनीकी नेतृत्व पर उनके प्रभाव के लिए करीब से नजर रखी जायेगी। श्री मैक्रों ने भारत–फ्रांस सहयोग संबंधों को पर कहा, हमारी रणनीतिक साझेदारी को और भी आगे ले जाने के लिए मुंबई से नयी दिल्ली तक के तीन दिन। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, मेरे साथ व्यापारिक नेता और प्रमुख आर्थिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और डिजिटल हितधारक हैं, जो भारत–फ्रांस के बीच के संबंधों को वास्तविक और ठोस रूप देते हैं। मुंबई में उतरने से पहले उन्होंने कहा, ष्हम भारत और फ्रांस साथ मिलकर अपने सहयोग को और भी आगे ले जायेंगे।ष भारत–फ्रांस के बीच लंबे समय से रणनीतिक संबंध हैं। ये पिछले कुछ वर्षों में रक्षा, नागरिक परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष सहयोग और समुद्री सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक गहरे हुए हैं। दोनों देशों ने जलवायु पहल और हिंद–प्रशांत सहयोग पर भी मिलकर काम किया है। एआई इम्पैक्ट समिट में श्री मैक्रों की भागीदारी और द्विपक्षीय वार्ता भारत–फ्रांस साझेदारी में प्रौद्योगिकी और नवाचार के बढ़ते महत्व पर जोर देती है, क्योंकि दोनों देश अपने रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ–साथ उभरते क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना चाहते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को यहां अपनी व्यस्त दिनचर्या की शुरुआत बेहद मशहूर रास्ते श्मरीन ड्राइवश पर सुबह की सैर के साथ की। फ्रांसीसी नेता, 17 से 19 फरवरी तक की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आज निर्धारित बैठक से पहले अपनी नियमित फिटनेस के लिए समय निकाल ही लिया। इस रास्ते पर सुबह–सुबह टहलने वालों ने पहले तो इस राष्ट्रप्रमुख को नहीं पहचाना। लेकिन जब यह खबर फैली तो कई दर्शक इस क्षण को अपने मोबाइल में कैद करने लगे। श्री मैक्रों का जनता के साथ सामान्य आदमी की तरह बातचीत करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया।

## पुणे जमीन घोटाला, पार्थ पवार को क्लीन चिट, दो अफसरों पर गिरी गाज

(एजेंसी) मुंबई। पुणे की चर्चित जमीन खरीद मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी) नेता पार्थ पवार को बड़ी राहत मिली है। समिति ने पार्थ पवार को क्लीन चिट देते हुए दो सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) विकास खरगे की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने पाया कि जमीन सौदे में पार्थ पवार की सीधी अनियमितता साबित नहीं होती, हालांकि सौदे की प्रक्रिया में शामिल दो अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। रिपोर्ट में हवेली के तहसीलदार सूर्यकांत येवले और असिस्टेंट रजिस्ट्रार रविंद्र तारू के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। दोनों अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है और वे फिलहाल जेल में हैं। यह जमीन पुणे के मुंढवा इलाके में स्थित है, जिसे अजित पवार और सुनेत्रा पवार के पुत्र पार्थ पवार की 'अमेडिया' कंपनी ने खरीदा था। आरोप था कि करीब 1800 करोड़ रुपए बाजार मूल्य वाली जमीन मात्र 300 करोड़ रुपए में खरीदी गई और 21 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी भी माफ कर दी गई। मामला सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। विवाद बढ़ने पर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस सौदे को रद्द करने की घोषणा की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। अब जांच रिपोर्ट राजस्व मंत्री को सौंप दी गई है और जल्द ही इसे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग 1800 करोड़ रुपए मूल्य की महार वतन जमीन को 300 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के आरोपों की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को सौंप दी। रिपोर्ट सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में नई बहस छिड़ गई है। जहां पार्थ पवार को मिली राहत को उनके समर्थक बड़ी जीत मान रहे हैं, वहीं विपक्ष का कहना है कि मामले में कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। आने वाले दिनों में सरकार की कार्रवाई और रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।



## राहुल गांधी को अदालत ने दी बड़ी राहत

### बीजेपी की तरफ से दर्ज यह मामला किया खारिज

(एजेंसी) बेंगलुरु। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत देते



हुए, कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि केस में उनके खिलाफ चल रही क्रिमिनल कार्रवाई को रद्द कर दिया। जस्टिस सुनील दत्त यादव ने कांग्रेस नेता की अर्जी पर अपने फैसले में कहा, याचिका मंजूर की जाती है। कार्रवाई जारी रखने की इजाजत देना कानून के प्रोसेस का गलत इस्तेमाल होगा। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने निर्देश दिया, जहां तक पिटीशनर (राहुल गांधी) का सवाल है, कार्रवाई रद्द की जाती है। बता दें कि बीजेपी नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए विज्ञापनों और कैंपेन नारों को लेकर मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। उन विज्ञापनों में कांग्रेस ने राज्य में उस समय सत्ताधारी पार्टी बीजेपी पर आरोप लगाया था कि वह सरकारी काम करने के लिए ठेकेदारों और दूसरों से 40 प्रतिशत तक कमीशन मांग रही है। अपनी शिकायत में, बीजेपी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने उस समय के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत पार्टी के सदस्यों को टारगेट करते हुए गुमराह करने वाले और बदनाम करने वाले विज्ञापन आगे बढ़ाए थे। इससे पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को 1 जून, 2024 को जमानत दी, जबकि राहुल गांधी को 7 जून, 2024 को जमानत दी गई थी।

## विराट-अनुष्का ने वृंदावन में प्रेमानंद महाराज का लिया आशीर्वाद, एक घंटे तक सुना सत्संग

(एजेंसी) वृंदावन। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा मंगलवार सुबह वृंदावन स्थित केली कुंज आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज का सत्संग सुना और आशीर्वाद लिया। दोनों करीब एक घंटे तक आश्रम में रहे। इस दौरान वे आम भक्तों के साथ हाथ जोड़कर सत्संग में बैठे नजर आए। उनकी बेटी वामिका इस दौरान साथ दिखाई नहीं दी। जानकारी के अनुसार, विराट और अनुष्का मंगलवार शाम दिल्ली से टोयोटा वेलफायर कार से वृंदावन पहुंचे और एक होटल में ठहरे। मंगलवार तड़के वे फॉर्च्यूनर गाड़ी से केली कुंज आश्रम पहुंचे। आश्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि दंपति निर्धारित समय से पहले ही पहुंच गए थे और उन्होंने किसी विशेष व्यवस्था की बजाय सामान्य भक्तों की तरह सत्संग में भाग लिया। सत्संग के बाद दोनों ने प्रेमानंद महाराज से व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद लिया और फिर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वापसी के समय आश्रम के बाहर उनकी



गाड़ी ट्रैफिक जाम में फंस गई। जैसे ही लोगों को पता चला कि गाड़ी में विराट कोहली मौजूद हैं, प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। इस दौरान विराट और अनुष्का गाड़ी के भीतर ही रहे। सत्संग के दौरान प्रेमानंद महाराज ने दीक्षा और पूर्ण शरणागति के बीच अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, "दीक्षा पूर्ण शरणागति की पहली सीढ़ी है। यह समझने का विषय है कि हमारी वाणी से भी यह न निकले कि किसी मनुष्य का ही सहारा है। सच्चा भरोसा श्रीजी (राधा रानी) की कृपा पर होना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा कि जीवन में अपने इष्ट और गुरु का स्थान सर्वोच्च होना चाहिए। "जो व्यक्ति पूर्ण शरणागत होता है, उसके जीवन की बागडोर स्वयं भगवान संभालते हैं। जैसे अर्जुन के रथ को भगवान ने स्वयं संचालित किया, क्योंकि अर्जुन पूर्ण समर्पित थे। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को भी विराट और अनुष्का प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे थे। उस दिन दोनों के गले में तुलसी की कंठी माला दिखाई दी थी। वैष्णव परंपरा में दीक्षा के बाद गुरु द्वारा कंठी माला दी जाती है, जिसके बाद यह चर्चा चली कि दंपति ने गुरु दीक्षा ले ली है। हालांकि केली कुंज आश्रम की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। उस मुलाकात के दौरान अनुष्का शर्मा ने प्रेमानंद महाराज से कहा था, "महाराज जी, हम आपके हैं और आप हमारे।" इस पर महाराज ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया, "हम सब श्रीजी के हैं। आनंदपूर्वक रहो और भगवान के आश्रित रहो। अपने कार्य को भगवान की सेवा समझो। जब तक भगवान की प्राप्ति न हो, यात्रा रुकनी नहीं चाहिए।" 14 मई 2025 को विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद पत्नी अनुष्का के साथ आश्रम पहुंचे थे। उस समय वे करीब 2 घंटे 20 मिनट तक आश्रम में रहे। दोनों ने दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। प्रेमानंद महाराज ने विराट से पूछा, "प्रसन्न हो?" इस पर विराट ने मुस्कुराते हुए "हां" कहा। महाराज ने आशीर्वाद देते हुए कहा, "जाओ, आनंदित रहो और नाम जप करते रहो। इस दौरान अनुष्का ने प्रश्न किया, "क्या नाम जप से सब कुछ पूरा हो जाएगा?" महाराज ने उत्तर दिया, "हां, सब पूरा होगा। वैभव मिलना कृपा नहीं, वह पुण्य है। भगवान की कृपा तब होती है जब भीतर का चिंतन बदलता है। इससे जन्म–जन्मांतर के संस्कार नष्ट होते हैं और अगला जन्म उत्तम बनता है।" उन्होंने यह भी कहा कि संत समागम भगवान की विशेष कृपा का संकेत है।

## हिमंत का बड़ा दावा, सोनिया गांधी ने 2014 में शपथ की तारीख तय करने को कहा था, राहुल के फोन से पलट गई बाजी

(एजेंसी) गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक अहम राजनीतिक खुलासा करते हुए दावा किया है कि वर्ष 2014 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने स्वयं उन्हें असम का मुख्यमंत्री बनने के लिए शपथ ग्रहण की तारीख तय करने को कहा था। सरमा के मुताबिक, उस समय राज्य के 58 कांग्रेस विधायक उनके समर्थन में थे और वे मुख्यमंत्री पद संभालने की स्थिति में थे। हालांकि, उनके अनुसार घटनाक्रम अचानक बदला और अंततः उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। यह बयान असम की राजनीति के उस दौर की अंदरूनी उठापटक पर नई रोशनी डालता है। पृष्ठभूमि समझना जरूरी है। साल 2011 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने असम में सत्ता बरकरार रखी थी और तरुण गोगोई मुख्यमंत्री बने रहे। लेकिन चुनाव के बाद पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर असंतोष की खबरें सामने आने लगीं। कांग्रेस के कई विधायकों का मानना था कि लंबे समय से मुख्यमंत्री रहे तरुण गोगोई की जगह नए नेतृत्व को मौका दिया जाना चाहिए। उस समय हिमंत बिस्व सरमा राज्य सरकार में एक प्रभावशाली मंत्री थे और संगठन व प्रशासन दोनों पर उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। सरमा का दावा है कि अधिकांश विधायक उनके साथ थे और नेतृत्व परिवर्तन के पक्ष में थे। उनके मुताबिक, पार्टी के भीतर बहुमत समर्थन होने के कारण वे मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार बन चुके थे। हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनसे कहा था कि वे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तारीख तय कर लें। सरमा के अनुसार, उन्होंने मन बना लिया था कि जून 2014 में कामाख्या मंदिर के अंबुबाची मेले के बाद शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने इसे शुभ समय मानते हुए तैयारी भी शुरू कर दी थी। यह दावा उस समय के राजनीतिक समीकरणों को लेकर नई बहस छेड़ सकता है, क्योंकि सार्वजनिक रूप से उस दौर में नेतृत्व परिवर्तन की कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई थी। सीएम सरमा का कहना है कि घटनाक्रम अचानक बदल गया। उनके अनुसार, उस समय राहुल गांधी अमेरिका में थे और वहीं से उन्होंने कांग्रेस नेताओं से संपर्क किया। सरमा का आरोप है कि इसके बाद पार्टी के भीतर माहौल पूरी तरह बदल गया और नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया रुक गई। नतीजतन उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया और तरुण गोगोई ही पद पर बने रहे। हालांकि, कांग्रेस की ओर से इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पार्टी के कई नेताओं का मानना है कि उस समय नेतृत्व परिवर्तन का कोई औपचारिक निर्णय नहीं हुआ था। इस घटनाक्रम के बाद हिमंत बिस्व सरमा और कांग्रेस नेतृत्व के बीच दूरी बढ़ती गई। अंततः वर्ष 2015 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के बाद सरमा ने असम और पूर्वोत्तर की राजनीति में अहम भूमिका निभाई। 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार असम में सरकार बनाई। उस जीत के पीछे सरमा की रणनीतिक भूमिका को निर्णायक माना गया। उन्होंने न केवल असम में बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सरमा का कांग्रेस से भाजपा में जाना असम की राजनीति का बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल में सरमा ने वित्त, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाले। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दोबारा जीत दर्ज की। इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने उन्हें असम का मुख्यमंत्री नियुक्त किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने प्रशासनिक सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और कानून–व्यवस्था के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई है। वे अक्सर राष्ट्रीय मुद्दों पर भी मुखर रहते हैं और पार्टी के प्रमुख रणनीतिक चेहरों में गिने जाते हैं। हिमंत बिस्व सरमा ने अपने ताजा बयान में स्वीकार किया कि 2014 में मुख्यमंत्री न बनाए जाने पर उन्हें दुख हुआ था। लेकिन अब वे मानते हैं कि जो हुआ, वह उनके राजनीतिक जीवन के लिए बेहतर साबित हुआ। उनका कहना है कि भाजपा में आने के बाद उन्हें असम और सनातन धर्म की सेवा करने का अवसर मिला, जिसे वे अपने जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानते हैं।

## पटकथा लेखक सलीम खान मुंबई के अस्पताल में भर्ती

(एजेंसी) मुंबई। दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। खान शोले, दीवार और जंजीर जैसी सुपरहिट फिल्मों के लेखक हैं। सूत्र ने समाचार एजेंसी से कहा, उन्हें (सलीम खान) आज सुबह लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह आईसीयू में हैं। सलीम खान ने 70 के दशक में जावेद अख्तर के साथ मिलकर हिंदी सिनेमा की कई सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फिल्मों की पटकथा लिखीं। उन्होंने पिछले साल नवंबर में अपना 90वां जन्मदिन मनाया था। सलीम खान के बेटे एवं अभिनेता सलमान खान अस्पताल के बाहर दिखाई दिए।

# सम्पादकीय

## शाह के निशाने पर राहुल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इन दिनों अटैकिंग मोड में हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि वह केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोल रहे हैं। अमेरिका से हुए व्यापार समझौते को लेकर भी राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है और उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 'झूठ' बोलकर गुमराह करने का आरोप लगाया। विदित हो कि पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने 'रोजाना झूठ बोलने की एक नयी परंपरा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, 'झूठ बोलना, जोर–जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं। एक दिवसीय दौरे पर पुडुचेरी पहुंचे अमित शाह ने कराईकल के संथाई थिदल में एक रैली में भारत–अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कहा कि इस डील से सबसे ज्यादा फायदा हमारे किसानों और मछुआरों को होगा। राहुल गांधी का नाम लेकर गृह मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं, झूठ बोलकर भ्रांति फैलाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा, आज मैं इस मंच से राहुल गांधी को जवाब देना चाहता हूं – राहुल जी, ट्रेड डील और एफटीए की बारीकियों को ध्यान से देखिए। मोदी जी ने देश के किसानों और पशुपालकों को 100 प्रतिशत प्रोटेक्शन देने का काम किया है। इस एफटीए और ट्रेड डील से हमारे किसानों का कोई नुकसान नहीं होने वाला है। नुकसान आपके मनमोहन सिंह जी की सरकार के समय किसानों का हुआ था। कई ऐसे वैश्विक समझौते किए गए, जिनमें किसानों के हितों को बेच दिया गया था। मोदी जी ने किसानों, पशुपालन करने वाले बहनों–भाइयों और मछुआरों का शत–प्रतिशत प्रोटेक्शन करने का काम किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, राहुल गांधी जी की नीति है – झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो और बार–बार बोलो। मगर राहुल गांधी, इस देश की जनता आपकी झूठ मैन्युफैक्चरिंग की फैक्ट्री को पहचान गई है और मैं एक बार फिर से कहता हूं – 2029 में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा–नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बनने वाली है, आपकी बारी नहीं आने वाली है। अमित शाह ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और व्यापार समझौते, विशेष रूप से भारत–अमेरिका समझौते के प्रावधानों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए।


नफीस जाफरी

## क्या शबाना महमूद ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी?

डॉ. सुधीर सक्सेना

वह सुदर्शना है। सुशिक्षिता है। युवा और अनुभवी हैं। तत्पर और प्रत्युत्पन्नमति हैं। संसद और बाहर वह मुखर है। कलुष के बेदब दौर में उनकी छवि बेदाग और उजली है। इतनी खूबियों से सुसज्ज शबाना महमूद इन दिनों सुर्खियों में हैं। संप्रति वह ब्रिटेन की सेक्रेट्री फार द होम यानि गृहमंत्री है। एप्सटीन फाइल्स के जेरे–बहस दौर में इस आशय की अटकलों का सब्जा दरो–दीवार और मुंडेरों पर उग आया है कि क्या वह ब्रिटेन की प्रधानमंत्री होंगी। फिलहाल उनके और प्रधानमंत्री पद के दरम्यान एक सोपान का फासला है। यदि वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह एशियाई मूल की दूसरी और मुस्लिम संप्रदाय की पहली महिला होंगी। गौरतलब है कि भारतीय मूल के ऋषि सूनक इसके पूर्व ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके है, जबकि शबाना पाकिस्तानी मूल की नेत्री है। लोकतंत्र के जनक ब्रिटेन में इन दिनों कुख्यात एप्सटीन फाइल्स को लेकर बावेला मचा हुआ है। कई राजनेता पद त्याग को बाध्य हुये हैं। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। यदि दबाव अधिक बढ़ा तो मजबूरन उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है। इस कयास के मद्देनजर शबाना महमूद के पीएम बनने की संभावना प्रबल है। 45 वर्षीया शबाना सत्तारुढ़ ब्रिटिश लेबर पार्टी की सदस्या और बैरिस्टर हैं। वह पहले पहल सन 2010 में मई के आमचुनाव में बर्मिंघम लेडीवुड से एमपी चुनी गयी थीं। तदंतर वह चुनावों में लगातार विजयी हुई। जीत की हैटट्रिक बना चुकी शबाना ब्रिटिश लेबर पार्टी की अग्रणी नेताओं में शुमार हैं। सन 2024–25 में सेकेट्री फार जस्टिस यानि न्यायमंत्री रहने के बाद गत वर्ष उन्हें गृह जैसा महत्वपूर्ण महकमा सौंपा गया। 17 सितंबर, सन 1980 को बर्मिंघम में जनमी शबाना के परिवार की जड़े पाकअधिकृत काशमीर में मीरपुर में है। माँ जुनेदा और पिता महमूद अहमद की संतान शबाना के दो भाई और एक बहन है। अनमें एक उनका जुड़वा भाई है। सन 1981 से 1986 तक वह परिवार के साथ सऊदी अरब तैफ में रहीं जहां उनके पिता सिविल इंजीनियर थे। उसके बाद परिवार बर्मिंघम चला आया। पिता जहाँ लेबर गर्टी से जुड़ गये, वहीं मां स्वयं की सुविधा–शॉप का संचालन करने लगीं 11वीं कक्षा में अनुतीर्ण रहने पर वह स्माल हीथ स्कूल और किंग एडवर्ड षष्टम कैंप हिल स्कूल में पढ़ीं। अंततरू उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत लिंकन कॉलेज से कानून में उपाधि हासिल की। पूर्व पीएम ऋषि सूनक कॉलेज में उनसे एक दर्जा आगे थे और शबाना जूनियर कॉमन रूम के चुनाव में ऋषि ने उन्हें वोट देने का वायदा किया था। युवा शबाना बर्मिंघम में पिता के राजनीतिक कार्यों में हाथ तो बंटाती थीं, अलबत्ता उनकी ख्वाहिश थी कि वह बैरिस्टर बने। उनकी यह ख्वाहिश पूरी हुई। सन 2010 में जब निवर्तमान सांसद क्लेयर शार्ट ने बर्मिंघम से चुनाव लड़ने की अनिच्छा व्यक्त की तो शबाना ने दावेदारी की होड़ में याई मॉस्क्वटो को पीछे छोड़ दिया। इस द्वन्द ने इलाके में जातीय धड़ेवाजी को को बढ़ावा दिया, वह फिलिस्तीन समर्थक और इस्रायली उत्पादों के बहिष्कार की हिमायती नेत्री के तौर पर उभरीं। विवाद होने पर उन्होंने सतर्कतापूर्वक अपने पाँव पीछे खींच लिये, लेकिन इसने उनकी छवि जियोनिज्म (यहूदीवाद) विरोध की बना दी। वह इस्लाम में गहरी आस्था के लिये भी जानी गयीं और उन्होंने इसे कभी छुपाया नहीं। शबाना, रोशनआरा अली और यास्मीन कुरैशी की तिकड़ी ने बीते दशक में खासी शोहरत कमाई। लेबर नेता जेरेमी कार्बिन्स से मतभेदो को उन्होंने कभी छिपाया नहीं और साहसपूर्वक दायित्व संभालने की पेशकशों को ठुकरा दिया। बहरहाल, सितंबर 2023 में कीर स्टार्मर ने उन्हें शैडो सेक्रेट्री बनाया। सन 2024 के आम चुनाव में उनका मुकाबला निर्दलीय अखमेद याकूब से हुआ, लेकिन वह विजयी रहीं। जुलाई, 2024 उनके लिये नेमत लेकर आई, जब स्टार्मर ने उन्हें न्याय सचिव और लार्ड चांसलर बनाया। इस ओहदे को संभालने वाली वह तीसरी महिला और पहली मुस्लिम थीं। शबाना दो टूक कहती हैं कि इस्लाम उनका अपना धर्म है और अन्य इस्लाम धर्मावलंबियों की भांति उनके जीवन में आस्था महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। यह तत्व उनके समस्त कार्यों का प्रेरक है। अवैध आव्रजन को लेकर शबाना की भावभंगिमा कठोर है और वह अवैध आव्रजकों और दंगाइयों से कठोरता से निपटने में यकीन रखती हैं। उन्हें ब्रिटिश लेबर पार्टी के अनुदार नीले (ब्लू) धड़े की मेंबर के तौर पर देखा और जाना जाता है। एप्सटीन फाइल्स के नामों के उजागर होने के बाद जिस तरह परिस्थितियां बदल रही है, उनसे यह कयास लगाया जा रहा है कि शबाना कल ब्रिटेन की पहली मुस्लिम महिला प्रधानमंत्री हो सकती है

# बिहार में अवसर गंवाता विपक्ष


गुलफिशा खान

बिहार विधानसभा में बीते दिनों बजट मांगों पर चर्चा के दौरान ऊर्जा, स्वास्थ्य और योजना एवं विकास से जुड़े मुद्दे जोरदार तरीके से उठाए गए। दिनभर चली इस बहस में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सरकार को घेरने की कोशिश की, जिससे सदन का माहौल कई बार गर्म भी हुआ। हालांकि चर्चा तय प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ती रही और संबंधित मंत्रियों ने अपने–अपने विभागों का पक्ष रखा। ऊर्जा विभाग की बजट मांगों पर चर्चा के दौरान विधायकों ने राज्य में बिजली आपूर्ति की स्थिति को प्रमुखता से उठाया. ग्रामीण इलाकों में अनियमित बिजली, बार–बार ट्रिपिंग, जर्जर ट्रांसमिशन लाइन और लो–वोल्टेज की समस्या को लेकर सरकार से जवाब मांगा गया। कुछ विधायकों ने कहा कि सरकार कागजों में हर घर बिजली पहुंचाने का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। खासकर गर्मी के मौसम में बिजली कटौती आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। फिर इसके बाद भी यह कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि बिहार विधानसभा के बजट सत्र 2026 में इस बार वो सियासी तपिश गायब है, जो आमतौर पर सदन की पहचान रही है। लोकतांत्रिक ढांचे में बजट सत्र सरकार की जवाबदेही तय करने का सबसे बड़ा मंच होता है। लेकिन इस बार विपक्ष की भूमिका बेहद फीकी और प्रभावहीन नजर आ रही है। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी बेंचों का खाली रहना या वहां मौजूद सदस्यों की चुप्पी यह संकेत दे रही है कि विपक्ष फिलहाल दिशाहीनता से जूझ रहा है। इस पूरे परि.श्य में सबसे चौंकाने वाली बात नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की अनुपस्थिति है। तेजस्वी न केवल आरजेडी के सबसे बड़े चेहरे हैं, बल्कि पूरे विपक्ष के ऊर्जा केंद्र भी माने जाते हैं। उनकी गैर–मौजूदगी का सीधा असर सदन की सक्रियता पर पड़ा है। जहां पहले जनहित के मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया जाता था, वहीं अब चर्चाएं महज औपचारिकता बनकर रह गई हैं। बिना कैप्टन के विपक्षी टीम बिखरी हुई नजर आ रही है। इससे यह सवाल उठने लगा है कि चुनाव के बाद क्या महागठबंधन सदन में भी मौके गंवा रहा है। तेजस्वी यादव न केवल नेता प्रतिपक्ष हैं, बल्कि विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा भी हैं। सदन में उनकी मौजूदगी विपक्ष को दिशा और ताकत देती है। जब वे सदन में नहीं रहते, तो बाकी विधायकों की आवाज भी कमजोर पड़ जाती है। यही वजह है कि इस बार विपक्ष सरकार पर वैसा दबाव नहीं बना पा रहा, जैसा आमतौर पर बजट सत्र में देखा जाता है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि तेजस्वी यादव की गैर मौजूदगी केवल एक व्यक्तिगत कारण नहीं, बल्कि इसका राजनीतिक असर भी पड़ता है। जब नेता प्रतिपक्ष सदन में सक्रिय नहीं होते, तो सरकार को अपने फैसलों पर जवाब देने की मजबूरी भी कम हो जाती है। इसका फायदा सीधे तौर पर सत्ता पक्ष को मिलता है। तेजस्वी यादव के सदन से दूर रहने के पीछे कई कारण



बताए जा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि चुनाव के बाद वे संगठन को मजबूत करने और भविष्य की रणनीति बनाने में लगे हैं। वहीं, कुछ यह भी कहते हैं कि महागठबंधन अभी चुनावी हार के बाद अपनी दिशा तय करने की कोशिश में है, जिसका असर सदन में दिख रहा है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि सरकार को विधानसभा में ज्यादा विरोध का सामना नहीं करना पड़ रहा। बजट की मांगों पर चर्चा अपेक्षा.त शांत तरीके से हो रही है। जिन मुद्दों पर पहले हंगामा और तीखी बहस होती थी, वे इस बार उतनी मजबूती से नहीं उठ पा रहे हैं। विपक्ष की कमजोर भूमिका जनता के लिए भी चिंता का विषय है। लोकतंत्र में विपक्ष का काम सरकार की गलतियों की ओर ध्यान दिलाना और जनता की आवाज बनना होता है। अगर विपक्ष ही शांत रहे, तो सरकार पर निगरानी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में जनता के मुद्दे पीछे छूटने का खतरा बढ़ जाता है। तेजस्वी यादव की गैर मौजूदगी का असर विपक्षी कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर भी पड़ रहा है। पार्टी के भीतर यह सवाल उठने लगे हैं कि जब सदन में मजबूती से बात नहीं रखी जा रही, तो आगे की राजनीतिक लड़ाई कैसे लड़ी जाएगी। यह स्थिति लंबे समय तक रही, तो संगठन पर भी असर पड़ सकता है। हालांकि, महागठबंधन के नेता यह तर्क दे रहे हैं कि विपक्ष का काम सिर्फ हंगामा करना नहीं है। उनका कहना है कि वे सही समय पर मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बजट सत्र जैसा बड़ा मंच छोड़ना विपक्ष के लिए नुकसानदेह हो सकता है। कुल मिलाकर, बिहार विधानसभा के बजट सत्र में विपक्ष की शांति और नेता प्रतिपक्ष की गैर मौजूदगी कई सवाल खड़े कर रही है। क्या महागठबंधन चुनाव के बाद अपनी भूमिका को लेकर असमंजस में है? क्या तेजस्वी यादव की यह दूरी किसी बड़ी रणनीति का हिस्सा है? इन सवालों के जवाब आने वाले समय में सामने आएंगे. फिलहाल इतना तय है कि सदन में कमजोर विपक्ष का फायदा सरकार को मिल रहा है और लोकतांत्रिक बहस का स्तर भी प्रभावित हो रहा है।

# बीएनबी -पाकिस्तान प्रेम का इतिहास बहुत पुराना है


फरीद वारसी

तारिक रहमान की बीएनपी के नेतृत्व वाली नई बांग्लादेश सरकार पड़ोसी देश भारत के साथ आपसी संबंध मजबूत करना चाहती है और व्यापार एवं निवेश के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों को सु.ढ़ करना चाहती है। रहमान के करीबी सहयोगी हुमायूं कबीर ने मीडिया को यह जानकारी दी। रहमान के लिए हुमायूं कबीर अंतरराष्ट्रीय संबंध संभालते हैं और नई सरकार में एक महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त होने वाले हैं। हुमायूं ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपने लोगों के बीच मजबूत सहयोग स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों में से एक होगा, जहां हम यात्रा करेंगे, हालांकि उन्होंने कोई निश्चित समय नहीं बताया। कबीर ने मीडिया को बताया, "जाहिर है, कुछ घरेलू प्राथमिकताएं हैं और फिर अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियां भी। बेशक, भारत उन देशों में से एक होगा, जहां हम इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ–साथ जाएंगे। भारत की द्विपक्षीय यात्राओं और भारतीय सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बांग्लादेश दौरे के संदर्भ में दोनों पक्षों के बीच संबंध होना सामान्य बात है, लेकिन हम इस संबंध के दायरे को व्यापक बनाना चाहते हैं, न कि इसे सीमित रखना चाहते हैं।" विदित हो कि बांग्लादेश में 36 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने संसदीय चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जीत ली हैं। तारिक रहमान बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। जहां तक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का सवाल है तो गौरतलब है कि पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट होने के 18 महीने बाद संसदीय चुनाव हुए थे। 299 सीटों के लिए 12 फरवरी को वोटिंग हुई और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने लगभग दो दशक बाद सत्ता में वापसी की है। आखिरी बार बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सत्ता में 2001 से 2006 तक रही थी। तब तारिक रहमान की मां खालिदा जिया प्रधानमंत्री थीं। तारिक रहमान की जीत पर पाकिस्तान से भी बधाई आई। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत तमाम नेताओं ने उन्हें बधाई दी। शहबाज शरीफ ने तारिक रहमान को चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को शानदार जीत दिलाने के लिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं बांग्लादेश की नई लीडरशिप के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं ताकि हमारे ऐतिहासिक और भाईचारे वाले द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया जा सके और दक्षिण एशिया और उससे आगे की शांति, स्थिरता और विकास के हमारे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो गया था। जनवरी 2024 में हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंपर जीत हासिल की थी। उन पर इस चुनाव में धांधली करने का आरोप लगा था। उनके खिलाफ छात्र सड़कों पर उतरे और उनकी सत्ता को उखाड़ फेंका। इस चुनाव में अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर पाबंदी थी। बांग्लादेश में अवामी लीग और शेख हसीना की सरकार का होना



भारत के लिए अच्छा माना जाता है। क्योंकि अवामी लीग की सरकार में बांग्लादेश, भारत के नजदीक रहता है। अवामी लीग की बजाय बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का सत्ता में होना भारत के लिए उतना फायदेमंद नहीं रहा है, क्योंकि इस दौर में मुल्क पाकिस्तान के करीब चला जाता है। शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट जब से हुआ है, तब से ही बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच नजदीकियां बढ़ी हैं। हाल ही में ढाका से कराची के बीच सीधी उड़ान शुरू हुई है। ये दोनों मुल्कों के बीच 14 साल में पहली सीधी उड़ान है। इससे कुछ महीने पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी ढाका आए थे। ये 13 साल में पहली बार किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री का दौरा था। और तो और, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कारोबार भी बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024–25 में दोनों देशों के बीच कारोबार 27 फीसदी बढ़ गया है। शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्ते जिस तरह से खराब हुए, वैसे कभी नहीं रहे. दोनों मुल्कों के जबरदस्त तनाव देखने को मिला। इसके बाद बांग्लादेश में हिंसा के दौरान हिंदुओं की हत्या ने रिश्ते और खराब कर दिए। एक ओर बांग्लादेश की भारत से दूरियां बढ़ीं तो पाकिस्तान के करीब गया। हालांकि, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की जीत के बाद भारत और बांग्लादेश दोनों ने ही रिश्तों के पटरी पर आने की उम्मीद जताई है. बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी नेता नजरूल इस्लाम खान ने कहा कि तारिक रहमान के नेतृत्व में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते मजबूत होंगे। मगर, इतिहास बताता है कि जब–जब बांग्लादेश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सत्ता में आई है, तब–तब भारत और बांग्लादेश के रिश्ते खराब ही रहे हैं। 1991 से 1996 और फिर 2001 से 2006 के बीच बांग्लादेश की सत्ता में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी रही। उस दौर में बांग्लादेश और पाकिस्तान करीब आए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार में भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में उतना तालमेल नहीं दिखता, जितना अवामी लीग की सरकार में दिखता है। बांग्लादेश में जब–जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सत्ता में रही है, भारत को लेकर उसका रुख दुश्मनी वाला रहा है। खालिदा जिया ने अपनी सरकार में अक्सर भारतीय ट्रकों को बांग्लादेश की सड़कों पर टोल–फ्री चलने देने को गुलामी बताया था। खालिदा जिया इसे बांग्लादेश की संप्रभुता का उल्लंघन मानती थी। ये मुद्दा सालों तक चला और दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट बढ़ाता रहा। इसी तरह 1972 में तत्कालीन भारतीय पीएम इंदिरा गांधी और बांग्लादेश के संस्थापक मुजीबुर रहमान के समय एक ट्रीटी हुई थी। खालिदा जिया ने इस ट्रीटी को रिन्यू करने का विरोध भी किया था। वह इस संधि को बांग्लादेश को जंजीरों में बांधने वाली संधि बताती थीं। जिस तरह से पाकिस्तान की करीबियां चीन से हैं। उसी तरह से ठछच की सत्ता में बांग्लादेश की करीबियां भी चीन से बढ़ जाती हैं। 2002 में खालिदा जिया ने चीन के साथ रक्षा सौदे किए थे। इसे बांग्लादेश को चीन के हथियार और टैंक मिले थे। इतना ही नहीं, जैसे पाकिस्तान कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा देता रहता है। उसी तरह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के आने के बाद अलगाववाद और आतंकवाद बढ़ जाता है। खालिदा जिया ने कई बार पूर्वोत्तर के उल्फा और एनएससीएन जैसे अलगाववादी संगठनों को फ्रीडम फाइटर्स बताया था और उनकी लड़ाई की तुलना बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई से की थी। 1 अप्रैल 2004 को चटगांव पोर्ट पर 10 ट्रकों में लोड हो रहे हथियारों को पुलिस और कोस्ट गार्ड ने पकड़ा. पुलिस और कोस्ट गार्ड की टीम जैसे ही यहां पहुंची तो देखकर चौंक गई। यहां उन्हें हथियारों का जखीरा मिला जिसमे 4,,930 बंदूकें, 27,020 ग्रेनेड, 840 रॉकेट लॉन्चर, 300 रॉकेट, 2,000 ग्रेनेड लॉन्चिंग ट्यूब और 11 लाख से ज्यादा गोलियां थीं। हथियारों का यह जखीरा लोकल ग्रुप्स की जरूरतों से कहीं ज्यादा था। यह बांग्लादेश के इतिहास में हथियारों की सबसे बड़ी स्मगलिंग थी। बाद में जांच में पता चला कि हथियारों की ये खेप असम के अलगाववादी संगठन उल्फा के लिए थे. हालांकि, 10 साल बाद उल्फा के नेता अनूप चेतिया ने दावा किया था कि ये हथियार उनके नहीं थे। इतने बड़े पैमाने पर हथियारों की जब्ती ने गैर–कानूनी हथियारों के लिए संभावित ट्रांजिट हब के तौर पर बांग्लादेश की भूमिका को उजागर किया। जांच में बड़े–बड़े लोगों के नाम सामने आने लगे। इस केस में जिन नेताओं और सैन्य अफसरों का नाम सामने आया था, वो बीएनबी की सरकार में ऊंचे–ऊंचे पदों पर थे। जांच में कई बड़े अधिकारी और राजनीतिक हस्तियों के नाम आए। इस मामले में बीएनबी सरकार में गृह मंत्री रहे लुत्फोज्जमां बाबर भी आरोपी थे। आरोप लगा कि इतना बड़ा ऑपरेशन सरकार और सैन्य अफसरों की जानकारी या मिलीभगत के बिना नहीं हो सकता था। 2014 में शेख हसीना की सरकार के दौरान चटगांव की स्पेशल कोर्ट ने बाबर समेत कई लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, पिछले साल हाई कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और बाबर समेत 5 लोगों को बरी कर दिया। ये केस आज भी चल रहा है और अब भी पहेली बना हुआ है।

# शी-बॉक्स पोर्टल: कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

सावित्री ठाकुर

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला–नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया शी–बॉक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है। आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017–18 में 23.3त्न से बढ़कर 2023–24 में 41.7त्न हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ–साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय–मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत शी–बॉक्स पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुनरू लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल और पारदर्शी बन सके। यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है। शी–बॉक्स पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित आईसी या एलसी के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित – हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, शी–बॉक्स महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है। पॉश अधिनियम के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय–सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में शी–बॉक्स पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है। शी–बॉक्स की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो। महिला–केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, शी–बॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है – न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके। बहुभाषी समर्थन, रीयल–टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से शी–बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है। शी–बॉक्स वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

(लेखक महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार, हैं)

# नहर में कार के साथ मिला लापता चालक का शव

## – पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने बढ़ाई हलचल

न्यूज वाणी ब्यूरो



महमूदाबाद, सीतापुर। जनपद के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से चल रहा तलाश का सिलसिला एक दुखद और रहस्यमयी अंजाम पर जाकर थमा है। लापता युवक अकील का शव उसकी कार के साथ नहर से बरामद होने के बाद अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी सामने आ गई है, जिसने पुलिस की जांच की दिशा बदल दी है। डॉक्टरों के पैनल द्वारा की गई जांच में मौत की वजह डूबने और दम घुटने को बताया गया है। मृतक के फेफड़ों और शरीर के अंदर पानी भरा हुआ पाया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि जब कार नहर में गिरी, तब अकील जीवित था और पानी के संपर्क में आने से उसकी सांसें थमीं। शरीर पर चोट के निशानों और अन्य पहलुओं की पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। महमूदाबाद कस्बे के निवासी शाहिल नाग की स्विट डिजायर कार को नूरपुर निवासी अकील (पुत्र अमीन) चलाता था। बुधवार शाम 7.30 बजे अकील कार लेकर निकला था, जिसके बाद से उसका मोबाइल बंद हो गया। रविवार की दोपहर सिहारुखेड़ा और बघाइन के बीच नहर में क्रेन की मदद से कार निकाली गई, जिसमें अकील का शव फंसा मिला। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह के अनुसार, पुलिस अब दो मुख्य बिंदुओं पर काम कर रही है कॉल डिटेल रिकॉर्ड अकील ने गायब होने से पहले किससे बात की थी? क्या वह किसी के दबाव में था? कार किस रास्ते से नहर तक पहुंची और क्या उस दौरान कोई और वाहन उसके पीछे था? हम हादसा और हत्या, दोनों ही एंगल से ततीश कर रहे हैं। मोबाइल रिकॉर्ड और पोस्टमार्टम के तथ्यों को जोड़कर जल्द ही स्थिति साफ की जाएगी। अकील का अंतिम संस्कार कर दिया गया है, लेकिन इलाके में तनाव और सस्पेंस बरकरार है।

# विधानसभा घेराव से पहले ही कांग्रेसी हाउस अरेस्ट, पुलिस बल तैनात

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राजधानी लखनऊ में मनरेगा और शंकराचार्य से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रस्तावित कांग्रेस के बड़े प्रदर्शन से पहले ही प्रशासन ने किलेबंदी शुरू कर दी है। मंगलवार को विधानसभा घेरने की तैयारी कर रहे कांग्रेस नेताओं के हौसलों पर पुलिस ने उस वक्त पहरा बिठा दिया। जब प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर निकलने से पहले ही जिले के दिग्गज नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया। इन दिग्गजों के घरों पर ताला, सड़कों पर पुलिस का पहरा प्रशासनिक सख्ती का सबसे बड़ा असर सांसद राकेश राठौर के आवास पर देखने को मिला। सुबह होते ही उनके घर को छावनी में तब्दील कर दिया गया और किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। सिर्फ सांसद ही नहीं, बल्कि जिले के अन्य प्रमुख चेहरों को भी घेरे में लिया गया। राकेश राठौररू सांसद, सीतापुर (आवास पर नजरबंद) रिजवानरू कांग्रेस नेता, सेवता क्षेत्र (हाउस अरेस्ट) उत्कर्ष अवस्थीरू पूर्व जिलाध्यक्ष (नजरबंद) शिशिर बाजपेईरू नगर अध्यक्ष (नजरबंद इसके अलावा, जिले भर में सक्रिय कार्यकर्ताओं के घरों के बाहर भी पुलिस की गाड़ियां तैनात दिखीं, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। ष्लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपाष रू सांसद का तीखा प्रहार हाउस अरेस्ट के दौरान सांसद राकेश राठौर ने सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहारू ष्भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर आमादा है। जनता की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का सहारा लिया जा रहा है। हम मनरेगा में भ्रष्टाचार और शंकराचार्य जैसे गंभीर मुद्दों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन सरकार डरी हुई है।ष वहीं, अन्य नेताओं ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करार देते हुए कहा कि दमनकारी नीतियों के बावजूद उनका संघर्ष थमेगा नहीं। प्रशासन का पक्षरू कानून–व्यवस्था सर्वोपरि दूसरी ओर, पुलिस प्रशासन ने इस कार्रवाई को ऐहतियातन उठाया गया कदम बताया है। अधिकारियों का तर्क है कि लखनऊ में होने वाले प्रदर्शन के मद्देनजर कानून–व्यवस्था बिगड़ने की आशंका थी। किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने और सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के लिए नेताओं को घरों में ही रुकने के निर्देश दिए गए। दिनभर चली इस श्नजरबंदीश की राजनीति ने जिले में सियासी पारा चढ़ा दिया है। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस इस प्रशासनिक सख्ती का जवाब किस रणनीति से देती है।



# 22 को नवीन गल्ला मंडी में होगा मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो



लहरपुर, सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान, जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष आशीष जैन के निर्देशन में 22 फरवरी को नवीन गल्ला मंडी सीतापुर में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर के बारे में पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) रहमत अली द्वारा लोगों को विधिक प्रक्रियाओं व मेगा शिविर एवं आने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च की जानकारी दी। मेगा शिविर के दौरान राजस्व, श्रम, पंचायत राज, स्वास्थ्य, .षि, शिक्षा, पुलिस, परिवहन, वन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका, विद्युत, पशुपालन, खाद्य एवं रसद सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी। सभी विभाग अपने–अपने स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष आशीष जैन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस मेगा शिविर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय अथवा हेल्पलाइन नंबर 1800–419–0234 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जनता मॉन्टेसरी स्कूल में 350 बच्चों का एमआर टीकाकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानौता, सहारनपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मीजिल्स–रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत नगर के जनता मॉन्टेसरी जूनियर हाईस्कूल में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के करीब 350 छात्र–छात्राओं को एमआर का टीका लगाया गया। मंगलवार को स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चमन तथा एएनएम निधि की देखरेख में टीम ने बच्चों का टीकाकरण किया। टीकाकरण से पूर्व बच्चों की सामान्य जांच भी की गई तथा उन्हें टीके के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चमन ने बताया कि यह विशेष अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। इस दौरान प्रधानाचार्य रामभूल सिंह, प्रबन्धक दिनेश पुंडीर, रेणु पुंडीर, रविशा, खुशबू, प्राची आदि रहे।

# टिकैत का शक्तिप्रदर्शन या कोई बड़ा खेल?

## - हिंद हॉस्पिटल की चेयरपर्सन से मुलाकात के बाद गरमाया सियासी पारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। जनपद में इन दिनों भारतीय किसान यूनियन के कद्दावर नेता राकेश टिकैत के तूफानी दौरों ने प्रशासन से लेकर विपक्षी खेमों तक में खलबली मचा दी है। बीते दिन जिले की धरती से किसानों के विरुद्ध नीतियों पर तीखा प्रहार करने के बाद टिकैत का अगला कदम बेहद चौंकाने वाला रहा। सिधौली विकास खंड के अटरिया थाना क्षेत्र स्थित निजी हिंद हॉस्पिटल में राकेश टिकैत की अचानक एंट्री और चेयरपर्सन रिचा मिश्रा के साथ हुई मुलाकात ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक राकेश टिकैत का काफिला जैसे ही हिंद हॉस्पिटल पहुंचा वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों और पदाधिकारियों में अफरा–तफरी मच गई। टिकैत सबसे पहले उस भवन में पहुंचे जहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित है। वहां नमन करने के तुरंत बाद, बिना समय गंवाए वे सीधे अस्पताल के उस हाई–प्रोफाइल विंग में दाखिल हो गए, जहां चेयरपर्सन रिचा मिश्रा का ऑफिस है। अस्पताल के गेट से लेकर अंदरूनी केबिन तक जिस तरह की फुर्ती देखी गई, वह किसी औपचारिक भेंट की पटकथा से मेल नहीं खाती। क्या किसानों के नाम पर खिंची जा रही है कोई नई लकीर? हालांकि, इस मुलाकात के बाद राकेश टिकैत ने इसे महज एक शिष्टाचार भेंट करार दिया है, लेकिन इलाके के लोग इस दावे को पचा नहीं पा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह आशंका प्रबल है कि इस मुलाकात के पीछे कोई बड़ा और गंभीर मुद्दा छिपा है। क्या अस्पताल में किसानों के उपचार की रियायती दरों को लेकर कोई कड़ा रुख अपनाया गया है? या फिर अस्पताल में दी जा रही महंगी दवाइयों और भारी–भरकम बिलों को लेकर टिकैत



ने चेयरपर्सन को कोई सख्त संदेश दिया है? सस्पेंस बरकरार चुप्पी साधा गए जिम्मेदार हैरानी की बात यह है कि जितनी आक्रामकता टिकैत के भाषणों में दिखती है, उतनी ही गोपनीयता इस मुलाकात को लेकर बरती गई। अस्पताल की चेयरपर्सन रिचा मिश्रा और किसान नेता, दोनों ने ही किसी भी विशेष मुद्दे पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। लेकिन सवाल यह उठता है कि संगठन का इतना बड़ा चेहरा एक निजी अस्पताल में सिर्फ चाय पीने तो नहीं जाएगा? क्या यह मुलाकात क्षेत्रीय किसानों के हक में किसी बड़े आंदोलन की आहट है, या फिर पर्दे के पीछे कोई और ही खिचड़ी पक रही है? सीतापुर की जनता और क्षेत्रीय किसान अब इस शगुप्तश मुलाकात के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। जिस तरह से टिकैत ने सिधौली में कदम रखा है, उसने यह साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में यहां की जमीनी राजनीति में कोई बड़ा भूचाल आ सकता है।

# अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में विज्ञान कला संगम का हुआ आयोजन

## - नवाचार की लहर में बहे छात्र व अभिभावक

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय विज्ञान कला संगम रहा, जिसके अंतर्गत छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और कलात्मक रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। गरिमामयी उपस्थिति एवं शुभारंभ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डायरेक्टर हरिनाम सिंह, संस्थान के डायरेक्टर डॉ. हर्ष पुरी, निशीथ गोयल, डायरेक्टर अदिति पुरी एवं प्रधानाचार्या कमल शर्मा द्वारा माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय परिसर को विभिन्न ज्ञानवर्धक दीर्घाओं में विभाजित किया गया था, जहाँ विज्ञान कला संगम की जीवंत झलक देखने को मिली। छात्रों ने भविष्य की तकनीकों पर आधारित प्लाज्मा गन, स्मार्ट डस्टबिन और चंद्रयान–3 के वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए। इसके साथ ही लिफाय, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे नवाचारों ने विज्ञान के प्रति बच्चों की गहरी रुचि को दर्शाया। ह्यूमन इंटीरियर (मानव शरीर संरचना) के मॉडल के माध्यम से बच्चों ने चिकित्सा विज्ञान की जटिलताओं को बहुत ही सरलता से समझाया। आर्ट गैलरी में जहाँ एक ओर बेस्ट–आउट–ऑफ–वेस्ट कला.तियाँ सजी थीं, वहीं इतिहास अनुभाग में सिंधु घाटी सभ्यता के मॉडल ने प्राचीन नगर नियोजन को जीवंत कर दिया। गणितीय सूत्रों और ज्यामितीय आ.तियों को आकर्षक मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत कर गणित को एक रुचिकर विषय के रूप में पेश किया गया। प्रतियोगिताएं और मनोरंजन शिक्षा के साथ–साथ मनोरंजन का भी विशेष ध्यान रखा गया। फूड स्टॉल और गेम जोन में दर्शकों ने विभिन्न व्यंजनों और खेलों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान डांस प्रतियोगिता, रील मेकिंग, ड्राइंग और रंगोली प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा के माध्यम से भाग्यशाली विजेताओं का चयन किया गया और सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वृहद् आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी अनुकरणीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के आयोजन और संचालन में संस्कार मेहरोत्रा, सिद्धार्थ मिश्र, शिल्पी बाजपेई, सुष्मिता सिंह, यूसुफ सर, राम.ष्ण अवस्थी, ललित शाक्य, प्रभात गुप्ता, मानसी दीक्षित, पंकज सर और शैफाली गुप्ता सहित विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता और अमूल्य योगदान से इस महोत्सव को यादगार बनाया। अभिभावकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए अभिभावकों ने स्कूल के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक सही मंच मिलता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी जा रही आधुनिक और व्यावहारिक शिक्षा पर संतोष व्यक्त किया। प्रबंधन का संदेश डायरेक्टर डॉ. हर्ष पुरी और अदिति पुरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि उनमें शोध और नवाचार की प्रवृत्ति विकसित करना है। अंत में प्रधानाचार्या कमल शर्मा ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



# वाहन ने बुजुर्ग को कुचला, मौत के बाद हाईवे पर रणक्षेत्र जैसा मंजर

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। लखीमपुर–सीतापुर राजमार्ग पर सोमवार की देर रात एक अनियंत्रित वाहन ने मौत का तांडव मचाया। ग्राम बेनीराजा दशरथपुर के पास हुए इस दर्दनाक हादसे में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। घटना से भड़के ग्रामीणों ने न केवल राजमार्ग जाम किया, बल्कि घंटों तक जमकर हंगामा और पथराव भी किया, जिससे पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राम बेनीराजा दशरथपुर निवासी रामलखन (60 वर्ष) पुत्र पुत्तू देर रात सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रतार अनियंत्रित वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामलखन वाहन के बोनट में फंस गए और वाहन उन्हें करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम के साथ–साथ भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने लकड़ी के लट्ठे (बोट) सड़क पर डालकर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। भीड़ का गुस्सा इस कदर था कि उन्होंने वहां से गुजर रहे वाहनों पर पथराव शुरू कर दिया। हाथों में लाठी और गन्ने लेकर गांव की महिलाएं भी सड़क पर उतर आईं और कई वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी



नोकझोंक सूचना मिलते ही हरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सड़क किनारे रखने की कोशिश की, तो ग्रामीणों ने शव को पुलिस से छीन लिया और दोबारा सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत और मान–मनौव्वल के बाद पुलिस प्रशासन जाम खुलवाने में सफल रहा। हंगामे के कारण राजमार्ग के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कड़ाके की ठंड और तनावपूर्ण माहौल के बीच बस और ट्रक यात्री घंटों फंसे रहे। ग्रामीणों की मांग है कि इस मार्ग पर तेज रतार वाहनों पर अंकुश लगाया जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। हरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

# एडीएम न्यायिक ने आईजीआरएस की ली समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट



सभागार कक्ष में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ा रुक अपनाया गया। बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर औषधि निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने की निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग से संबंधित आईजीआरएस पोर्टल पर पांच शिकायत प्राप्त हुई जो सभी असंतुष्ट फीडबैक के साथ लंबित थी, यह शिकायतें प्राइवेट बस संचालकों से संबंधित थी जिन्हें तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिए गए, आईजीआरएस पोर्टल पर सबसे अधिक शिकायतें एक्सईएन विद्युत टूंडला और सिरसागंज की पाई गई। अपर जिलाधिकारी ने पाया की शिकायतों का निस्तारण अव्यवस्थित था और अधिकारियों द्वारा फील्ड निरीक्षण भी नहीं किया गया था। उन्हें त्वरित निस्तारण हेतु कड़े निर्देश दिए गए, जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करें और शिकायतकर्ता से सीधे वार्ता कर फीडबैक सुधारे, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग और पूर्ति निरीक्षक सिरसागंज, जसराना, शिकोहाबाद के असंतोष फीडबैक पर अपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस हेल्पलाइन के संदर्भ में मुख्य चिकित्साधिकारी से अपेक्षा की गयी, कि स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर होना चाहिए, असंतुष्ट फीडबैक यह दर्शाता है कि अधिकारी संवेदनशील नहीं है, लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी या पटल सहायक को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपनिदेशक .षि, जिला पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों सहित ग्लास म्यूजियम का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप ने कहा कि ऑडिटोरियम की साउंड क्वालिटी उच्च स्तरीय होनी चाहिए ताकि, कार्यक्रमों के दौरान स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही, ऑडिटोरियम की रूफ ट्रस पर उच्च गुणवत्ता की व मानकों के अनुसार ही रूफ शीट लगाए जाने के निर्देश दिए स्पष्ट किया कि बेहतर लाइट और साउंड व्यवस्था होने पर ही इस ऑडिटोरियम की असली उपयोगिता सिद्ध हो सकेगी। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और प्रशासनिक कार्यों की सुचिता और व्यवस्था परखने के लिए अभिलेखागार एवं प्रशासनिक अधिकारिक कक्ष, बंदोबस्त अधिकारी कक्ष, नजारत अनुभाग, चकबंदी एवं भूलेख विभाग का भी जायजा लिया। सुरक्षा मानकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए आयुक्त ने परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि, परिसर में अग्निशमन यंत्रों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए, साथ ही अग्निशमन यंत्रों को चलाने में निपुण कर्मचारियों की भी नियुक्ति होनी चाहिए ताकि, आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके। इस दौरान मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी रमेश रंजन, समस्त अपर जिलाधिकारियों और कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ कलेक्ट्रेट कक्ष में एक विस्तृत समीक्षा बैठक करने के साथ ही निर्देशित किया कि, न्यायालयों और कार्यालयों में लंबित वादों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि, विभागीय कार्यवाही को अनावश्यक रूप से न लटकाया जाए। एक नोटिस देकर कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने, उपस्थित अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, निरंतर निरीक्षण समस्याओं के समाधान में सबसे कारगर हथियार हैं, अधिकारी फील्ड विजिट और कार्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। मत्स्य पट्टों के आवंटन की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि, यह सुनिश्चित किया जाए कि आवंटन नियमानुसार तालाब पर ही हो रहा है, न की खेत पर। इसकी मौके पर जांच अनिवार्य है। राजस्व की ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण अधिकारी स्वयं देखकर सुनिश्चित करें, साथ ही ऑफिस की पत्रावलियों का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से किया जाए। कर्मचारियों का कोई भी देय, सेवा संबंधी या पेंशन संबंधी मामले लंबित न रहें, इसे तत्काल निस्तारित किया जाए। इसी के साथ उन्होंने राजस्व परिषद की लंबित ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त, अपर आयुक्त आगरा उपस्थित रहे।

# शिक्षक पत्नी ने अवैध संबंधों का लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। थाना क्षेत्र के सुमली गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका पर शिक्षक पत्नी नें अवैध संबंधों का आरोप



लगाते हुए पत्नी ने अध्यापक पति पर ताबड़तोड़ थप्पड़ों की बारिश कर मारपीट शुरू कर दी। मीनू नागर पत्नी अजय नगर निवासी टापाकला करीब तीन बजे क्षेत्र के ग्राम सुमली स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक महिला सहायक अध्यापक को अपनी कार से लेने आये, दतूनी विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक अजय नागर पर घात लगाकर बैठी उसकी पत्नी ने थप्पड़ों की बारिश करते हुए ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे शिक्षक को हल्की चोटें भी आ गई। कार के शीशे भी टूट गए है। मारपीट के दौरान मीनू नागर ने पति पर अवैध संबंध की बात बताई। ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत के बाद मामला शांत कराया गया। पति और पत्नी द्वारा एक दूसरे के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दी गई है। वही पुलिस नें शिक्षक को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए भेज दिया हैं।

# न्यू आइडियल मोंटेसरी स्कूल में एमआर टीकाकरण संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो /सीतापुर। कोट पक्का पुल स्थित न्यू आइडियल मोंटेसरी स्कूल में मंगलवार को खसरा बेला (एमआर) टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एएनएम प्रीति



सिंह एवं आशा कार्यकर्ता शमा अफरोज के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कक्षा 1 से 5 तक के सभी विद्यार्थियों को निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार वैक्सीन लगाई गई। टीकाकरण के समय विद्यालय के प्रिंसिपल आर. अंसारी मैनेजर शफीक अहमद, मनोज सक्सेना एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे तथा स्वास्थ्य टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान किया। विद्यालय प्रशासन ने इसे बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# विधानसभा घेराव को जा रहे जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेसी नेता हाउस अरेस्ट

## - आक्रोशित कांग्रेसी धरने पर बैठकर जमकर किया नारेबाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में केन्द्र की तानाशाह सरकार द्वारा मनरेगा स्वरूप को छिन्न भिन्न करने व कुंभकर्णी नींद में सोई हुई सरकार को जगाने के लिए प्रदेश भर के हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंच कर विधानसभा घेराव करेंगें। कांग्रेस के जुझारू जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसियों का दलबल लखनऊ के लिए रवाना हुए। मेन रोड पर भारी पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर रोक लिया गया, इससे कांग्रेसियों के अन्दर आक्रोश व्याप्त हो गया, पुलिस और कांग्रेसियों के मध्य नोंकझोंक की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे आक्रोशित कांग्रेस जन रोड पर ही धरने पर बैठ गए और पुलिस व सरकार विरोधी नारेबाजी जब जब मोदी योगी डरता है पुलिस को आगे करता है, मनरेगा का अधिकार ले के रहेंगे ले के रहेंगे की गई। धरने में बैठे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश



दीक्षित ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि ष्केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार ने घृणित मानसिकता का परिचय देते हुए यूपीए वन की सरकार में गरीबों के चतुर्मुखी उत्थान के लिए मनरेगा योजना का शुभारंभ किया गया, योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचल में निवासरत मजदूरों के लिए 100 दिन काम की गारंटी, काम न मिलने की दशा में आर्थिक सहायता का प्रावधान का अधिनियम बनाया गया था, योजना से गांधी जी का नाम हटाना व उनके स्वरूप को छिन्न भिन्न करना गरीबों के अधिकारों का शोषण है, देश के अन्दर कांग्रेस जन 03 जनवरी 2026 से निरन्तर पहले जैसा स्वरूप किए जाने के लिए संघर्षशील है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पुलिस को आगे कर दमनकारी नीति अपनाई जा रही है। कांग्रेस का एक–एक कार्यकर्ता इस दमनकारी रवैए से झुकने वाला नहीं है। मनरेगा के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट ने कहा कि मनरेगा में यूपीए सरकार ने काम के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई थी, जिससे अनेक गरीब महिलाओं को 100 दिन का रोजगार पाती थीं, वर्तमान सरकार में इस योजना में प्रदेश सरकार द्वारा 40 प्रतिशत धनराशि दिए जाने के आदेश पारित किए गए हैं, जबकि पहले से ही प्रदेश सरकारों पर अरबों रुपए का कर्ज पहले से ही बना हुआ है, सरकार की सोची समझी रणनीति के तहत इस योजना को समाप्त कर महिलाओं के अधिकारों का हनन किया गया है, जिसके लिए महिला कांग्रेस इस तानाशान सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ेगी। पुलिस द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित लखनऊ जा रहे अन्य पदाधिकारियों के साथ धरना स्थल पर बैठे कांग्रेसियो को हांथ पकड़ पकड़ कर जबरन उठाकर घर के अन्दर किया गया और चारों ओर पुलिस का कड़ा पहरा लगाकर हाउस अरेस्ट किया गया। इस अवसर पर पीसीसी आदिशक्ति दीक्षित, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल, जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, जिला सचिव बाबूराम यादव, कालीचरण साहू, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, रूपा देवी, सदात खान, सभासद इरफान खान, निहाल सिंह, ईशु फैज खान, लालबाबू, अतीक खान, शोएब अहमद, रामनरेश गुप्ता, चेतन राजपूत, विशाल रैकवार, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# एएसपी ने साप्ताहिक मंगलवार परेड की ली सलामी

## - पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का विस्तृत निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिस कर्मियों की वेशभूषा, टर्नआउट, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं एकरूपता का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। अनुशासन एवं टीम भावना को और सु.ढ़ करने हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए गए। परेड उपरांत क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर गार्ड रूम एवं स्टोर रूम का गहन निरीक्षण किया गया। शस्त्रों, अभिलेखों, साफ–सफाई एवं रख–रखाव की स्थिति का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों–कर्मचारियों को अभिलेखों के समुचित संधारण एवं सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। इसके पश्चात पुलिस लाइन बांदा का भ्रमण किया गया, जिसमें कैश कार्यालय, मेस, गढ़ना कार्यालय, आरटीसी बैरक, तथा पुलिस लाइन में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, साफ–सफाई, संसाधनों के उचित उपयोग एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष बल दिया गया तथा संबंधित को सुधारात्मक एवं अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए तत्पश्चात अर्दली रूम आयोजित कर पुलिस लाइन से संबंधित विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों का परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यतन, नियमों के अनुरूप संधारण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा यथासंभव त्वरित निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया। इस संपूर्ण निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक वेलास यादव सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विधानसभा घेराव को निकले कांग्रेसी नेता विनय सिंह गिरतार

## – दिनभर हिरासत के बाद रिहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व घोषित विधानसभा घेराव करने जा रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह व उनके साथ कई जनों को भारी पुलिस बल ने बैरिकेडिंग पर ही गिरतार कर लिया। उन्हें यूको गार्डन लखनऊ में दिन भर हिरासत में रखने के बाद देर शाम को रिहा कर दिया। राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी अविनाश पाण्डेय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर सहित तमाम सीनियर नेताओं के साथ भागीदारी सुनिश्चित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह इन्द्र कुमार यादव, मूलचंद राव शरीफ खान विजय पोरवाल अब्दुल सलाम प्रेम वर्मा जीतेन्द्र सिंह अनिल सिंह हमजा शाहिद सहित कई लोगों ने गिरतारी दिया।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर महासंघ बीएसए कार्यालय पर करेगा धरना-प्रदर्शन

## – 19 फरवरी को लंबित शिक्षक समस्याओं के सम्बन्ध में होगा धरना–प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में दर्जनों बार पत्र व वार्ता के क्रम के बाद भी निराकरण न होने के कारण और जनपद स्तर पर व्याप्त रोष एवं शिक्षकों के हितों कों सर्वोपरि रखते हुए महासंघ द्वारा 19 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर करेगा धरना प्रदर्शन। बताते चले पूर्व निर्धारित तिथि में बोर्ड परीक्षा/अधिकांश शिक्षकों के गतिमान प्रशिक्षण कों देखते हुए 19 फरवरी कों निर्धारित किया गया है। जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र नें बताया कि शिक्षकों के चयन वेतनमान का ऑनलाइन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक हस्ताक्षरित आदेश कॉपी नहीं उपलब्ध करवाई गई जिससे 2 महीने होने वाले है अब तक चयन वेतनमान का लाभ वेतन में जुड़कर नहीं मिला है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन का स्वी.त नहीं किया जा रहा है। विकास खंड



पयागपुर में एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान मात्र कुछ ही मिनट की देरी के लिए लगभग 65 शिक्षक–शिक्षिकाओं की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बाधित करने, शिक्षक–शिक्षिकाओं के एक–दो दिन का अवरुद्ध वेतन सामूहिक रूप से बहाल करने, निरीक्षण के समय शिक्षक–शिक्षिकाओं के किसी कारण वश उपस्थित न होने पर यदि उनका आकस्मिक अवकाश शेष है तो उनके आकस्मिक अवकाश से उक्त दिवस का अवकाश घटाते हुए वेतन की कटौती न करने, पात्र शिक्षक–शिक्षिकाओ कों दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान पूर्व में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राप्त कर चुके सभी अध्यापकों की ऑफलाइन सेवा पुस्तिका उनके कार्यरत जनपद स्थानांतरित करने, ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने सहित अन्य मांगों के सम्बन्ध ने 19 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जनपद के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि यदि समय रहते सभी शिक्षक समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि चयन वेतनमान सहित अन्य सभी मुद्दों पर शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं हुआ तो संगठन पूरी ताकत के साथ आंदोलन करेगा।

# मारपीट के आरोपी की गिरफ्तारी न होने से धरने पर बैठे विद्युत कर्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो




कमासिन, बांदा। मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र कमासिन में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सर्विस संविदा कर्मचारी संघ बैनर तले कमासिन क्षेत्र में कार्यरत लगभग आधा सैकड़ा संविदा विद्युत कर्मचारियों ने 11 फरवरी को ग्राम प्रधान बंथरी द्वारा मारपीट की घटना में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजी.त होने के बाद भी गिरतारी न होने से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे विद्युत कर्मचारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत विभाग बकाया राजस्व वसूली ब्याज में छूट पाने को ओटीएस करने की बंथरी ग्राम में ग्रामीणों से योजना के अंतर्गत बिल जमा करने को जानकारी दी जा रही थी। जिनके बकाया बिल जमा नहीं हो रहे थे। उनके विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे क्रोधित प्रधान बंथरी ने चार विद्युत कर्मचारी से अभद्रता करते हुए मारपीट की। जिससे चारों विद्युत कर्मचारी घायल हो गए। थाना कमासिन में प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजी.त होने के बाद अब तक अभियुक्तों की गिरतारी न होने से धरना प्रदर्शन कर गिरतारी की मांग की जा रही है। इस मौके पर अधिशासी अभियंता विद्युत एसडीओ विद्युत अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र कमासिन भी मौजूद रहे।

# विकास कार्यो में लापरवाही बर्दाशत नहीं : आलोक जिंदल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर पंचायत मिहींपुरवा में चल रहे विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल तथा नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया ने संयुक्त रूप से विभिन्न वार्डों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और पारदर्शिता को परखा गया। निरीक्षण की शुरुआत नयापुरवा रोड पर निर्माणाधीन नाले से हुई। जहां जनप्रतिनिधियों ने कार्य में प्रयुक्त सामग्री, तकनीकी मानकों और समय सीमा की बारीकी से जांच की। कार्यदायी संस्था को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण कराया जाए। इसके बाद पोरवाल गली, चिकमंडी मोहल्ला एवं नयापुरवा गांव तक पैदल भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया गया। जनसंवाद के दौरान जल निकासी, जर्जर सड़कों, स्ट्रीट लाइट और साफ–सफाई से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं, जिनके शीघ्र समाधान का भरोसा जनप्रतिनिधियों ने दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने सख्त लहजे में कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है.हर नगर और हर वार्ड में पारदर्शी, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण विकास। किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां भी कमी मिलेगी, वहां तत्काल सुधार और जिम्मेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में संतुलित और समान विकास प्राथमिकता है। जल निकासी, सड़क निर्माण और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को सु.ढ़ करने के लिए चरणबद्ध योजना के तहत कार्य कराए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सभासद शुएब अहमद राइनी, रामादल मौर्य, नरेश पासवान, अमित बाल्मीकि, राहुल पोरवाल, पीयूष मौर्य सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि, नगर पंचायत कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सचिव की लापरवाही से दर-दर भटक रहे मजदूर

## - त्योहार नजदीक होने के बावजूद भी नहीं हुआ कई महीने से मजदूरी का भुगतान

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसपुरा, बांदा। जसपुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत जसपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जसपुरा,गडरिया, अमारा ग्राम पंचायत में तैनात सचिव योगेश कुमार की तानाशाही रवैया से मजदूर दर दर भटक रहे हैं। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए दर–दर लोगों को भटकना पड़ता हैं। सचिव साहब न ही कभी ग्राम पंचायत जाते न ही किसी का फोन उठते हैं। लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आमरा गांव के सुरेश बाबू साहू शकुंतला मजदूरों ने आरोप लगाते हुए बताया कि त्योहार नजदीक है। कई महीने से सचिव योगेश कुमार ने मजदूरी का भुगतान नहीं दिया ना ही फोन उठाते ना ही कभी ग्राम पंचायत में भी नजर नहीं आते की जिसे अपनी समस्या बता सकें। जसपुरा विकास खंड के सामने ही बना सुलभ शौचालय भी अपनी ही दुर्दशा पर रो रहा है। जब से यह बना तब से अभी तक वहां पर साफ सफाई नहीं हुई जबकि विकास खंड के बिल्कुल सामने हैं और लोगों को शौच करने के लिए दूर जाना पड़ता है। कई बार ग्रामीण जसपुरा कस्बे के सुनील धर्मेंद्र प्रमोद ने सचिव योगेश से साफ सफाई के लिए कहां है लेकिन सफाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार जसपुरा विकास खंड के जसपुरा अमारा गडरिया के ग्राम पंचायत में योगेश कुमार की तैनाती है जो कभी भी ग्राम पंचायत में नजर नहीं आते और ना ही कभी किसी की समस्या का समाधान करते



हैं मजदूर प्रधान लोग भी इसे हमेशा नाराज रहते हैं क्योंकि यह कभी फोन ही नहीं उठाते। अगर कोई इनकी शिकायत भी करता है तो इनके ऊपर डीपीआरओ का संरक्षण प्राप्त है क्योंकि माननीय का हाथ उनके ऊपर रखा है इसलिए इनके ऊपर कार्यवाही करने से अधिकारी भी डरते हैं। जब मामले की जानकारी डीपीआरओ राजेंद्र कुमार से लेनी चाहि तो उन्होंने अपना फोन नहीं रिसीव किया।

# प्रेमिका ने प्रेमी के घर खाया जहर, हालत गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। क्षेत्र में एक युवती ने अपने प्रेमी के घर जाकर जहर खा लिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। युवती को गंभीर हालत में तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मोहल्ले का एक युवक उनकी बेटी का अश्लील वीडियो बनाकर पिछले दो वर्षों से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। आरोप है कि युवक ने धमकी देकर कई बार रुपये भी ऐंठे और शारीरिक शोषण करता रहा। सूत्रों के अनुसार 16 फरवरी 2026 की रात युवक ने युवती को अपने घर बुलाया था। वहां युवती ने शादी करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया। इससे आहत होकर युवती ने वहीं जहर खा लिया। युवती की मां ने बताया कि उनकी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता और उसके परिवार ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार तीन छात्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन परीक्षा में शामिल होने जा रहे तीन छात्र बाइक सवार घायल हो गये। घायल छात्रो



को राहगीरो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए पहुंचाया उपचार के बाद दो छात्र परीक्षा देने पहुंचे जबकि एक छात्र को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। राहगीरों ने बताया कि हादसे का कारण ट्रैक्टर ट्राली रही। मंगलवार की शुबह नानौता कालेज में परीक्षा देने के लिये थाना तीतरो के गांव मनोहरा निवासी अरूण कुमार के पुत्र देव व तनन्य अपने साथी ग्रन्थ पुत्र संदीप के साथ तीनो बाइक पर सवार होकर सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देने नानौता स्थित कालेज मे जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही बाइक सवार थाना नानौता के स्थित तीतरो मोड के नजदीक पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्राली को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सडक किनारे गिर गयी जिससे तीनो छात्र सडक पर गिर पडे। दूसरी और बताया गया है कि हादसे का कारण ट्रेक्टर ट्राली रही ट्रेक्टर ट्राली में बाईक टकराई। सडक पर गिरते ही तीनो बाइक सवार छात्र घायल हो गये। राहगीरो ने तुरन्त तीनो को पहले एक निजी डॉक्टर के यहां दिखाया बाद में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया और घायलो के परिजनो को घटना की सूचना दी। वही दो छात्र देव व तनन्य को उपचार के बाद परीक्षा देने भेज दिया। जबकि ग्रन्थ को ज्यादा चोटे होने के कारण उपचार के बाद हायर सैंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस में सम्बद्ध बताया गया है कि घायल छात्र के सम्बंध मे बोर्ड को सूचना दे दी गयी है। परीक्षा के सम्बन्ध मे बोर्ड के निर्णय पर ही आगे परीक्षा दिलाने पर विचार किया जायेगा।

# समर्पित कार्यकर्ताओं की निष्ठा से मजबूत होता संगठन

## - पार्टी को अपडेट करना पार्टी का मुख्य उद्देश्य : देवेश कोरी

## - सशक्त नेतृत्व से राष्ट्रहित व जनहित के निर्णय संभव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भाजपा जिला कार्यालय में पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण




कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिले से लेकर मण्डल स्तर तक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्त्ता को अपडेट (प्रशिक्षित) करना है। जब तक कार्यकर्त्ता प्रशिक्षित नहीं होंगे तब तक सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं की निष्ठा से संगठन मजबूत होता है मजबूत संगठन से सशक्त नेतृत्व उभरता है और जब नेतृत्व सशक्त होता है। तभी राष्ट्रहित व जनहित में दूरदर्शी एवं प्रभावी निर्णय संभव हो पाते है। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण, संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। दीनदयाल जी का मत था कि संगठन व्यक्ति से और व्यक्तित्व विचार से बनता है। यह प्रशिक्षण केवल प्रक्रियाओं की औपचारिकता नहीं वल्कि विचार वाह साधना है जो कार्यकर्त्ता को केवल सक्रिय नहीं वल्कि वैचारिक रूप से .ढ़ आचरण से अनुशासित एवं समाज के प्रति उत्तरदायी बनाती है। कार्यशाला मे जगराम सिंह, अखिलेशनाथ दीक्षित, विवेकानंद गुप्ता, बालमुकुंद शुक्ला, ममता मिश्रा, प्रेमनारायण द्विवेदी, लवलेश सिंह, उत्तम सक्सेना, वंदना गुप्ता, प्रभा गुप्ता, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, विनोद जैन, देवमूरत द्विवेदी, मालती बासू, संगीता वेद निराला, दिनेश गुप्ता, सहित सभी मोर्चाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष व प्रभारी मौजूद रहे।

# एडूफेस्ट कॉर्निवॉल में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। शहर के लॉ मटीना स्कूल में मंगलवार को एडूफेस्ट कॉर्निवॉल–2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता कालेज के वाइस चेयरमैन अनस रशीद व प्रबंधक असद रशीद ने फीता काटकर किया। इससे उनका उत्साह बढ़ेगा। उन्हें अपने ज्ञान के जरिए समाज को



लाभांवित करने की प्रेरणा मिलेगी। छात्र–छात्राओं ने गणित, विज्ञान व कम्प्यूटर के तरह–तरह के माडल बनाकर प्रदर्शनी में लगाए। अतिथियों व अभिभावकों को उनके बारे में रुचिकर जानकारियां दीं। लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने मेज आफ मूव्स, मेमोरी गेम, पिन द विन, हिट द टॉर्गेट व पॉप अ बलून जैसे खेलों के स्टाल लगाए, जहां दिन भर बच्चे–बड़े खेल का आनंद लेते रहे। बच्चों व अभिभावकों ने सेल्फी प्वाइंट और डूडल आर्ट का लुत्फ उठाया। शहर के मशहूर प्रतिष्ठानों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एस्ट्रो पाठशाला रही। पाठशाला की टीम ने चार राकेट लॉंच किए। इस पर अतिथियों, अभिभावकों व बच्चों ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर की। कालेज के वाइस चेयरमैन अनस रशीद ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से ज्ञान के जरिए समाज को लाभांवित करने की प्रेरणा मिलेगी। स्कूल प्रबंधक असद रशीद ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास है। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश सिंह, प्रसिद्ध कवि आशीष शुक्ला अनिल, अंकुर शुक्ल, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, भूपेन्द्र सिंह वर्मा, मोनिस अली नकवी, डॉ. रवि शंकर त्रिवेदी, स्कूल के फाउंडर अब्दुल हसीब, प्रधानाचार्या जसप्रीत कौर, मैनेजर आकिफ अली व कोआर्डिनेटर सरफराज सिद्दीकी सहित सभी शिक्षक–शिक्षकाएं व स्टाफ मौजूद रहा।

# मानसिक विक्षिप्त मासूम के निकली 40 एमएम की पथरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। आजकल इंसानों में गाल ब्लॉडर, किडनी और पेशाब की थैली में पथरी होना आम बात हो गई है, लेकिन अब ये रोग छोटे छोटे बच्चों में भी देखने को मिल रहा हैं। इस बार ये रोग एक मासूम बच्ची में देखने को मिला है जो विकलॉग होने के साथ साथ मानसिक विक्षिप्त भी थी। बता दें कि बबेरू क्षेत्र की रहने वाली शिवानी 10 वर्ष पुत्री जय प्रकाश इस बीमारी की चपेट में आ गई शिवानी के बाबा अर्जुन ने बताया कि उनकी नातिन मानसिक विक्षिप्त होने के साथ साथ विकलांग भी है उसको काफी दिनों से तकलीफ थी तकलीफ होने की वजह से वो रोती रहती थी कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन कोई आराम नहीं मिला तब रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में डाक्टर अनूप कुमार सिंह को दिखाया डाक्टर अनूप ने भर्ती करके जांच कराई और आपरेशन कर दिया आपरेशन से बच्ची के पेशाब की थैली से 40 एमएम की पथरी निकली है, अब बच्ची ठीक है। डाक्टर अनूप ने बताया कि इस ऑपरेशन में लगभग डेढ़ घण्टा लगा है इस ऑपरेशन



में मरीज को कोई खर्च नहीं लगा है मरीज की गरीबी को देखते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य डाक्टर एस के कौशल ने सरकारी चार्ज भी माफ कर दिए गए थे। इस ऑपरेशन में डाक्टर अनूप के साथ डाक्टर श्रेया एनेस्थीसिया टीम से डाक्टर प्रिया दीक्षित और उनकी टीम मौजूद रही।

# एसएसपी के निर्देशन में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

## – थाना प्रभारियों ने सीसीटीवी व सुरक्षा उपकरणों को किया चेक



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मंगलवार को व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसरों के अंदर एवं बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को परखा और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस टीम ने बैंक कर्मचारियों एवं वहां मौजूद आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर अपराधों की रोकथाम की जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना की संभावना को रोका जा।

# आग लगने के आठ दिन बाद निकाला गया शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनारा ग्राम सभा में राम शुभग पुत्र रामदुलार उम्र 62 वर्ष 9 तारीख को रात में अपने झोपड़ी में सोऐ थे। उनका बाकी परिवार डिह सर्फाबाद में रहता था। अपनी झोपड़ी में राम शुभग अकेले रहते थे। रात में सोते समय मोमबत्ती जलाकर सोए हुए थे। नींद लगने की वजह से मोमबत्ती नहीं बुता पाए मोमबत्ती पिघलने के बाद घर में आग फैल गई आग ने अपना भयानक रूप ले लिया अंदर से दरवाजा बंद होने की वजह से राम सुभग बाहर नहीं निकल पाए। जिसकी वजह से जलकर उनकी मौत हो गई। गांव के लोगों ने आज को बुझा दिया लेकिन किसी को सुभग की याद नहीं आई न तो गांव वाले न हीं उनके लड़के उनकी तलाश किया। कल शाम को जब लाश संड गई जानवरों ने लाश के पैर को जब बाहर खींचा आठवें दिन लोगों को पता चला कि उसमें रहने वाले राम सुभग 9 तारीख को ही जलकर मर गए थे जिसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक को दी गई। इसके बाद सरकारी अमला मौके पर पहुंच कर लाश को बरामद किया। सोचने वाली बात है कि घर वालों ने भी राम सुभग के विषय में यह नहीं समझने की कोशिश की छह दिन से व्यक्ति कहां पर लापता है।

# कचेहरी को बम से उड़ने की मिली धमकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। जिला जज की मेल आईडी पर अचानक मंगलवार को एक मैसेज आया जिसमें कहा गया कि जौनपुर कचहरी को बम से उड़ा दिया जाएगा। यह मैसेज मिलते ही पुलिस अमला लाइन बाजार जौनपुर एक्शन में आ गया। पूरी दीवानी को खाली करने का अलाउंस होने लगा लोगों से पुलिस व वकीलों ने सहयोग करने की बात कही। समाचार मिलने तक पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दिवाली को खाली करवाने की कार्रवाई की जा रही थी। फ्रांसिस रिपोर्ट के कर्मचारी कुछ ही देर में दीवानी कार्यालय तथा कैंपस में जांच के लिए पहुंचने वाले हैं। इस खबर को सुनते ही दीवानी में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। हर व्यक्ति कैंपस से बाहर निकालने की कोशिश करने लगा जिसकी वजह से गेट पर जाम लग गया लेकिन अभी तक यह कंफर्म नहीं हुआ है। यह ईमेल आईडी धमकाने के लिए था या फिर इसमें कोई असलियत थी। पुलिस कैंपस के अलावा ईमेल आईडी जिस आईडी से मैसेज आया है उसकी जांच कर रही है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रभारी और सराफा कारोबारी के बीच विवाद के बाद सराफा व्यापारियों का आक्रोश बढ़ गया है। नामजद आरोपियों की गिरतारी की मांग को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का आरोप है कि सराफा कारोबारी विनीत कुमार बंसल के साथ मारपीट कर अपहरण किया गया, जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई थी लेकिन पुलिस ने केवल मारपीट का मामला दर्ज किया, अपहरण की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। व्यापारियों ने यह भी कहा कि जिस वाहन से अपहरण किया गया, उसे भी अभी तक सीज नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि अपहरण का मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज किया जाए और आरोपियों को जल्द गिरतार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# सोनम वांगचुक पर अत्याचार का बदला समय आने पर जनता ज़रूर लेगी -सुधाकर अवस्थी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फ़तेहपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी ने कहा कि नमस्ते सदा वत्सले मातृ भूमे का नित प्रार्थना करने वालों के अमृत काल में भारत माँ के ऐसे देश भक्त सपूत सोनम वांगचुक को देश द्रोहिता के अपराध में मुल्जिम बनाया जा रहा है जिसके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर भारतीय फिल्म बनाई जाती है जिसे सामाजिक योगदानों के लिए विश्वस्तरीय पुरस्कार मिलने पर देश का गौरव बढ़ता है।अमृत काल के इस अन्याय अत्याचार के दमन चक्र का अंत जनता समय आने पर जरूर करेगी।

# अनियंत्रित बाइक गिरी युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के चखेडी ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 45 वर्षीय युवक की घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हिम्मतपुर गांव निवासी रामकिशुन का पुत्र राकेश यादव बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह चखेड़ी के समीप ओवर ब्रिज के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# चकरनगर में मिशन शक्तिटीम ने महिलाओं को किया जागरूक

## - महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर व योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत थाना चकरनगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने थाना चकरनगर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि वे किसी भी आपात स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त करें। इस दौरान पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930,



एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी देकर इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह भी अपील की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार एवं आसपास के लोगों के साथ साझा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। इस जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं ने पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को गंभीरता से सुना और पुलिस की इस पहल की सराहना की। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस लगातार समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है, जिससे महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ रही है।

# बिजली विभाग की छापेमारी में छह स्थानों पर पकड़ी विद्युत चोरी

## - विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज, उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन लेने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल के निर्देश पर उपखंड प्रथम की विजिलेंस टीम द्वारा आलमपुर हौज क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान .षि इंजीनियरिंग कॉलेज से पोषित 33/11 केवी फीडर से जुड़े क्षेत्र में मॉर्निंग रेड की गई, जिसमें 6 उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत चोरी एवं अनियमितता करते हुए बिजली का उपयोग करते पाया गया। चेकिंग के दौरान उपभोक्ताओं के परिसरों में अतिरिक्त केबल डालकर, मीटर बाईपास कर तथा बिना वैध संयोजन के बिजली का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 एवं 126 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नारायण स्वरूप शर्मा पर 0.746 किलोवाट (वाणिज्यिक), सिपाही राम पर 1.012 किलोवाट, रक्षपाल पर 1.100 किलोवाट, वेदपाल पर 1.021 किलोवाट, पिंकी देवी पर 1.072 किलोवाट तथा सुरेश चन्द्र पर 1.156 किलोवाट घरेलू श्रेणी में विद्युत चोरी पाई गई। इस प्रकार कुल 6.10 किलोवाट का अवैध लोड पकड़ा गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें।



मीटर से छेड़छाड़ करना या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है, जिसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# माउंट एवरेस्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

## - कैडेट व जूनियर वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे अपना दम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। खेल जगत में जनपद के




लिए गर्व का क्षण आने वाला है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित 4जी माउंट एवरेस्ट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में पहली बार जिले के सात प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता जी–1 ओलंपिक रैंकिंग से जुड़ी हुई है, जिसमें विश्व के करीब 150 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव हिमांशु यादव एवं प्रशिक्षकों ने बताया कि जिले के खिलाड़ी लंबे समय से कठिन प्रशिक्षण लेकर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया कि यह जनपद के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सह–सचिव हरगोविंद सिंह के अनुसार प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी कैडेट एवं जूनियर वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। कैडेट वर्ग में प्रियदर्शन शाक्य (अंडर 33 किग्रा), ओम शर्मा (अंडर 37 किग्रा) और वैष्णवी यादव (अंडर 41 किग्रा) अपनी चुनौती पेश करेंगे। वहीं जूनियर वर्ग में शौर्य सिंह (अंडर 48 किग्रा), आयुष सिंह (अंडर 51 किग्रा) और जैस्मिन चौहान (अंडर 42 किग्रा) अपना दमखम दिखाएंगे। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता, सह–सचिव रोहित द्विवेदी तथा मैनेजमेंट प्रमुख श्यामजी सक्सेना ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि इटावा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर जनपद एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

# विभिन्न थानों की पुलिस कार्रवाई में 14 गिरफ्तार

## – शांति व्यवस्था भंग की आशंका में बीएनएसएस की धाराओं में हुई कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 14 अभियुक्तों को गिरतार किया गया। पुलिस द्वारा सभी के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई। थाना वैदपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देवेन्द्र निवासी चकूपुरा, अजय निवासी महौला, सर्वेश. कुमार निवासी जहानाबाद, शैलेन्द्र निवासी चकूपुरा, संजीव निवासी नगला बुधू, अवनीश निवासी नगला बुधू, कौशल निवासी जहानाबाद, दीनदयाल निवासी जहानाबाद, रवी निवासी जहानाबाद, आकाश निवासी चकूपुरा, मुकेश निवासी नगला बुधू तथा सतेन्द्र निवासी नगला बुधू को गिरतार किया। इसी क्रम में थाना बिठौली पुलिस ने विपिन सिंह तथा अवधेश सिंह उर्फ नेता को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उसिया में नि: शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। जनपद के भदौरा क्षेत्र के उसिया ग्राम सभा में निः शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। यह मेडिकल कैम्प का आयोजन समाजसेवी इमरान खान और उनकी युवा टीम द्वारा किया गया। मेडिकल कैम्प विशेषज्ञ महिला डॉक्टर और पुरूष डॉक्टर टीम व सहायकों ने सैकड़ों महिला और पुरुष मरीजों का पुरी तरह से जाँच किया गया और दवा वितरण किया गया। समाजसेवी इमरान खान ने कहा कि समय–समय पर गाँव के लोगों के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है और इसलिए गाँव के लोग स्वस्थ रहें। इस बार रमजान का मुबारक महीना से पहले यह कैम्प हुआ जिससे वह फिट रहे। इमरान ने कहा कि ईद बाद भी इससे बेहतर मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जायेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के लिए गांव के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। कैंप में सुगर, बीपी, ईसीजी की जाँच हुई। समाजसेवी इमरान के साथ उनकी युवा टीम में गुड्डू, कामरान, अकबर, अमजद, फहीम, नाजिम, आकिब, नवाज, आजाद इरफान आदि युवाओं की टीम कैम्प लगी रही।

# सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान को बनाएं सफल : सीएमओ

## - टीबी मरीजों को गोद लेकर वितरित करें पोषण पोटली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अचल प्रशिक्षण केन्द्र में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में प्राईवेट मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के औषधि निरीक्षक अधिकारी संजय दत्त, जिला क्षयरोग अधिकारी डा० नेशात शहाबुद्दीन व वर्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के स्टेट टेक्निकल मैनेजर शलेन्द्र शुक्ला ने प्रतिभाग किया। सीएमओ ने जनपद में चल रह सम्पूणता अभियान एवं शीघ्र प्रारम्भ होने वाले सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान में समस्त प्राइवेट मेडिकल स्टोर संचालकों को टीबी नोटीफिकेशन बढ़वाने के लिये उचित दिशा–निर्देश दिये। प्रधानमंत्री संकल्प को साकार करने के लिये प्रेरित किया। औषधि निरीक्षक संजय दत्त ने सभी संचालकों से अनुरोध किया कि वे अपनी क्षमतानुसार अधिक से अधिक टीबी मरीजों को गोद लें और पोषण पोटली उपलब्ध करायें जिससे मरीजों को टीबी की दवा के साथ–साथ पौष्टिक आहार मिले और वे शीघ्र स्वास्थ्य हो सके। शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि जनपद में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनरर्स द्वारा बच्चों में टीबी की खोज के लिये प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद पर नियुक्ति संस्था के डीपीसी अंशू वर्मा द्वारा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्टाफ नर्सों को मास्टर टेनर के रूप में गैस्टिक एस्पिरेट तथा इनड्यूज स्यूटन संकलन हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। जिससे कि 0–14 साल के बच्चों में टीबी रोग की खोज की जा सकें। साथ ही जिला क्षयरोग अधिकारी ने सदस्यों को नये चिन्हित होने वाले सभी क्षय रोगियों के परिवार के सदस्यों में टीबी की खोज करवाने हेतु अनुरोध किया ताकि इनमें सक्रिय टीबी रोग की शीघ्र खोज की सके एवं टीबी रोग की संभावना चिकित्साधिकारियों द्वारा नकार दने के उपरान्त टीबी प्रतिरोधक औषधि उपलब्ध करायी जा सकें जिससे इस बीमारी के फैलाव को रोका जा सकें। बैठक में विनय त्रिवेदी, राजेन्द्र त्रिवेदी, नरेश पाण्डेय, शिवम गुप्ता, दिलीप, कमल, शिवशंकर, डीके पाण्डेय, अरविन्द तिवारी, हरी.ष्ण गुप्ता, राकेश कुमार पीपीएम, अंशू वर्मा डीपीसी आदि लोग उपस्थित रहें।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष, प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही कर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखते हुए एक–एक फरियादी की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया।

# साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुआ ट्रक, खोखे से टकराया

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर में एक ट्रक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में सड़क के दूसरी ओर किनारे पर रखे खोखे से जा टकराया। खोखे में बैठे नरेश कुमार (55) पुत्र मंगत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नूरपुर रोड पर स्योहारा से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित गांव निवासी अमर सिंह (70) का पान–बीड़ी बेचने का खोखा सड़क किनारे रखा है।

सोमवार की पूर्वाह्न करीब 11 बजे अमर सिंह अपनी पत्नी राजो देवी (65) और पौत्र मोहित कुमार (13) के साथ मौजूद रहे। गांव निवासी रूपराम (60) तथा नरेश कुमार भी खोखे पर खड़े हुए थे। तभी स्योहारा की ओर से आया एक ट्रक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया।

# अपने कार्य के प्रति सजग सफाई कर्मचारी दीवान



न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। जिले के सुईथा कला कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मी दीवान समय से पहले 8.30 पौने नौ के आसपास कार्यालय पर आकर साफ सफाई 9.30 बजे तक पूरे कैंपस की कर देते हैं। उसके बाद दिनभर दीवान लोगों की सेवा में लगे रहते हैं आने वाले लोगों को जो कि ग्रामीण होते हैं उनको किस से मिलना है कहां जाना है सारी चीज उनको दिनभर समझते रहते हैं तथा अधिकारियों की सेवा में भी लगे रहते हैं ऐसे करतब्यनिष्ठ कर्मचारी बहुत ही कम देखने को मिलते हैं। अभी तक किसी भी ब्लॉक पर समय से पहले आकर सारे कार्य को सही ढंग से करके अधिकारियों के आने के पहले फाइनल करने वाले यह पहले सफाई कर्मी है। बाकी के ब्लॉकों में गंदगी का अंबार लगा रहता है लेकिन दीवान के यहां कहीं भी आप पूरे कैंपस में गंदगी का नामोनिशान नहीं पाएंगे ऐसे सफाई कर्मी को हम सलाम करते हैं।

# कार की टक्कर से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। बदलापुर क्षेत्र अंतर्गत सिंगरामऊ बाजार के मिश्रौली गांव के पास फॉरलेन पर क्रेटा कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी जिसकी वजह से बाइक पर बैठी महिला रीता पाल की मौके पर मौत हो गई। बाइक चलाने वाले को भी काफी चोट लगी। मृतक रीता के परिजन मुन्ना पाल की तहरीर पर कार व चालक के खिलाफ मुकदमा लिखा गया।






# दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत दूसरा गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव के पास सोमवार दोपहर तेज रतार दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय खालिस पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने कल्लू पासवान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार, अपाचे बाइक नं0 यूपी 71 एवाई 9043 सवार पंकज पासवान (20) पुत्र स्व. राधेलाल पासवान निवासी हरनवा थाना असोथर, रिश्तेदारी से लौट रहा था। मेडी का पुरवा और टीकर के बीच सेंट वीएन इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास सामने से आ रही हीरो स्प्लेंडर (यूपी 71 बीके 7210) से उसकी भिड़ंत हो गई। हीरो स्प्लेंडर सवार कल्लू पासवान (24) पुत्र चौतू निवासी सातों धरमपुर मजरे सूबेदार का पुरवा थाना असोथर, सुबह असोथर बाजार से घर लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कल्लू तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई सनी (18) और सचिन (13) हैं। उसकी शादी नहीं हुई थी। मां भिखनी देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। कल्लू की दो बहनें भी हैं.गुड़िया (28) और गायत्री देवी। बड़ी बहन गुड़िया की शादी वर्ष 2018 में घूरी थाना थरियांव में हुई थी। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं तथा करीब एक बीघा खेत है। वहीं दूसरे घायल पंकज पासवान का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वह दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई मुकेश पूना में निजी कंपनी में मजदूरी करता है और सूचना मिलने पर घर के लिए रवाना हो चुका है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। असोथर थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जारपोश स्टूडियो का हुआ भव्य उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जीटी रोड स्थित बाकरगंज पुलिस चौकी के निकट ग्रे एंड कंपनी के ठीक सामने जारपोश स्टूडियो का शानदार उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं वरिश्ठ पत्रकार खलीक अहमद जाफरी ने फीता काटकर किया। इस नए बुटीक के शुभारंभ के अवसर पर



बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्टूडियो की संचालक सिद्दीका तरन्नुम ने मौजूद लोगों को बताया कि यहां उच्च गुणवत्ता वाला बुटीक कार्य किया जाएगा। स्टूडियो में ग्राहकों के ऑर्डर पर रेडीमेड कलेक्शन, पाकिस्तानी सूट, हैंड वर्क सूट तथा अन्य आकर्षक डिजाइनर सूट तैयार किए जाएंगे। खास बात यह है कि यहां 12000 से 25000 की रेंज में बुटीक कार्य उपलब्ध होगा। जिसमें ग्राहक को प्रीमियम क्वालिटी और शानदार फिनिशिंग का एहसास होगा। संचालक ने विष्वास दिलाया कि हर ग्राहक को ऐसा लगेगा कि उनका चुना हुआ बुटीक कार्य वाकई तारीफ के काबिल है। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से फरहान मिर्जा, अनुज दीक्षित एडवोकेट, फैसल अब्बास, डॉ. आदिल, रशीद अहमद, लईक जाफरी, डॉक्टर जमाल, सगीर अहमद, हाफिज इब्राहिम, हाफिज इस्माइल, मोइनउद्दीन, पूर्व सभासद कासिम अली साथ ही अन्य कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## जिला व मंडल स्तरीय जूनियर बालिका हॉकी ट्रायल्स 23 से

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी 23 से 28 फरवरी तक गोरखपुर में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल कार्यालय द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु मण्डलीय टीम के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन 18 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम शान्तीनगर में किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करेंगी। मण्डल स्तरीय ट्रायल्स 20 फरवरी को अपराह्न एक बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल्स में भाग लेने की इच्छुक खिलाड़ी अपने पात्रता प्रमाण–पत्र जैसे आधार कार्ड, नगर निगम/नगर पालिका द्वारा निर्गत जन्मतिथि प्रमाण–पत्र अथवा हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति के साथ स्पोर्ट्स स्टेडियम शान्तीनगर में उपस्थित होकर जीवन रक्षक राजकुमार यादव के मो०नं० 9415188890 से संपर्क कर सकती हैं।

## इलाज दौरान के पत्रकार के पिता की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। विगत एक सप्ताह पूर्व राधानगर अन्दौली पुलिस के समीप सड़क हादसे में घायल पत्रकार के पिता की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गयी। बताते चलें कि पत्रकार सुनील गुप्ता के पिता अयोध्या प्रसाद पुत्र स्व0 केशन निवासी बक्सपुर राधानगर आठ फरवरी को साइकिल से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह अन्दौली पुलिया के पास पहुंचे तभी तेज रतार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दिया था। जिससे पत्रकार के पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं बाइक सवार भी घायल हो गया था। इलाज के लिए दोनो को सदर अस्पताल लाया गया। जहां से वृद्ध को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गयी। वहीं पत्रकार के पिता के मौत के बाद साथ पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिजनों सौंप दिया गया।

## युवक ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव में परिवारिक कलह से तंग 20 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सनगांव निवासी शरीफ का पुत्र दिलशाद ने मंगलवार की सुबह घरेलू कलह के चलते जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया।

## छत से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अस्ती में लकडी का काम करते समय छत से गिर कर 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर गांव निवासी रामप्रताप का पुत्र रूप नरायन लकड़ी का काम करता है। बताते है कि अस्ती में लकड़ी का काम करते समय छत से गिर कर घायल हो गया। उधर सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# 18 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए 117 केंद्रों में शामिल होंगे 66439 परीक्षार्थी!

### - परीक्षा केंद्रों को ०३ जोन व १५ सेक्टरों में बांटा गया!
### - हर केंद्र में बैठेगा स्टेटिक मजिस्ट्रेट,एलआईयू भी रहेगी सक्रिय!
### - उत्तर पुस्तिका में पड़ेगा यूनिक नंबर,हर पेज में परीक्षार्थी को डालना होगा अनुक्रमांक!
### - उत्तर पुस्तिकाओं में पैसा लगाने वाले छात्रों का रुकेगा परीक्षाफल!

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर । माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कल 18फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी कराने को लेकर विभाग ने कमर कस ली है। दो पालियों में होने वाली परीक्षा के लिए 117 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 66439 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यवस्था सुचारू से चले इसके लिए परीक्षा केंद्रों को 03 जोनों व 15 सेक्टरों में बांटा गया है। यह पहला मौका होगा जब कॉपी में यूनिक नंबर डाला जाएगा।हर पेज पर परीक्षार्थी को अनुक्रमांक लिखना होगा और उत्तर पुस्तिकाओं में पैसा लगाने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षाफल को भी रोके जाने की व्यवस्था है।फतेहपुर जिले में टॉपर देने वाले विद्यालयों पर अतिरिक्त चौकसी बरती जाएगी। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने अलग से व्यवस्था की है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। बोर्ड परीक्षा के लिए 13 राजकीय 52 सहायता प्राप्त एवं 52 वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।इन केंद्रों में हाईस्कूल के 36701 एवं इंटरमीडिएट के 29738 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। केंद्र व्यवस्थापक,वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की व्यवस्था हर परीक्षा केंद्र में की गई है। सीसीटीवी की निगरानी में होने वाली बोर्ड परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी इतना ही नहीं परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कक्ष निरीक्षकों सहित कर्मचारियों को भी परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में केंद्र में लगे कर्मचारियों को निर्धारित स्थान पर अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे।बिना परिचय पत्र के किसी भी किसी भी शिक्षक को कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने की अनुमति नहीं दी गई है। यह पहली बार होगा जब उत्तर पुस्तिकाओं का साइज ए–फोर होगा यानी की चौड़ाई में न होकर उत्तर पुस्तिकाएं लंबाई में होगीं।कवर दो पेज होंगे।पहले पेज में यूनिक नंबर यानि केंद्र के कोड की मोहर लगाई जाएगी और दूसरे पेज में मूल्यांकन के बाद परीक्षक नंबर देंगे।परीक्षार्थी को हर पेज में अपना अनुक्रमांक लिखना होगा।परीक्षा शुरू होने के पहले परीक्षार्थियों को यह बताया जाएगा कि अगर किसी भी परीक्षार्थी ने कॉपी में पैसे लगाए तो उसका परीक्षाफल रोका जा सकता है। उत्तर पुस्तिका में नंबर के लिए पैसे लगाने वाले परीक्षार्थी कार्रवाई की जद में रहेंगें। परीक्षा नकलविहीन हो इसके लिए 08 सचल दल भी काम करेंगे। बोर्ड परीक्षा को 4067 शिक्षक संपन्न कराएंगे इनमें 1594 शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग के लगाए गए हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी विषय विशेषज्ञ शिक्षक को कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी में नहीं लगाया जाएगा। कभी एक दशक से अधिक समय तक टापरों की खान रहा फतेहपुर जिला वर्ष–2025 की बोर्ड परीक्षा में टापरों के सूखे से गुजरा। केवल हाईस्कूल का एक परीक्षार्थी यूपी की टॉप–10 सूची में अपना नाम दर्ज कर सका। परीक्षा के दौरान बरती गई सख्ती का ही नतीजा रहा कि कभी 10–20 टॉपर देने वाला जिला एक पर ही जा टिका।टापर वाले विद्यालयों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील सूची में रखा गया है और इन केंद्रों पर अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था की गई है। एलआईयू की भी इन पर नजर रहेगी। कुल मिलाकर कल से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने को लेकर विभाग ने पूरी तरह से कमर कस ली है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# गंदगी फैलाने का विरोध करने पर मारपीट

## - जान से मारने की धमकी, एसपी से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के पूर्वी रानी कालोनी में गली सहित दरवाजे पर गंदगी फैलाने का विरोध करने पर दबंगो ने मां–बेटी को पीटकर जान से मारने की धमकी दी। सहमे परिवार ने एसपी सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग उठाई। डायल–112 के सिपाही और अधिवक्ता पिता पर पीड़ित परिवार ने घर बेंचकर भाग जाने सहित आए दिन मारपीट व गाली देने का लगाया आरोप। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर पूर्वी रानी कालोनी के रहने वाले मुन्ना लाल मौर्य ने एसपी को दिए गए षिकायती पत्र में बताया कि उनका गांव खागा है लेकिन कई वर्षों से यंही निवास कर रहे हैं। घर के सामने रहने वाले दबंग अधिवक्ता हरिशंकर अग्निहोत्री और डायल–112 में सिपाही पुत्र अर्पित आने पावर और पहुंच का घमंड दिखाते हुए आये दिन गली के आवारा कुत्तों सहित घर से निकलने वाले कचरे को घर के सामने फेंक देते हैं दरवाजे पर फैली गंदगी का विरोध करने पर मां बहन की गलियां देते हैं। कई बार डायल–112 पर पुलिस बुलाने पर दबंग बाप–बेटे की वर्दी और काला कोट की वजह से कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे दबंग बाप–बेटे के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित मुन्नालाल मौर्य ने बताया कि 10 फरवरी को वह अपने गांव खागा चले गए थे। तभी घर में बीमार पत्नी और बेटी शिखा अकेली थी। तभी



आवारा कुत्तों को रोटी देकर घर के दरवाजे गंदगी करवाकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर घर बेंचकर मुहल्ला छोड़ने और जान से मारने की धमकियां दी। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंग बाप बेटे पर कार्यवाही की मांग की।

# समिति ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार की उठाई मांग

## - डीएम को सौंपा ज्ञापन, अव्यवस्थाओं पर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सामाजिक संगठन युवा विकास समिति के माध्यम



से जनपद स्थित मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने मेडिकल कॉलेज की वर्तमान व्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए नौ प्रमुख मांगें रखी हैं। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि मरीजों को बेहतर और पारदर्शी चिकित्सा सेवाएं मिलना उनका अधिकार है। इसी क्रम में उन्होंने मांग की कि डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवाइयों के प्रिस्क्रिप्शन पर पूर्ण रोक लगाई जाए, ताकि मरीजों का आर्थिक शोषण न हो। साथ ही शासन के निर्देशानुसार डॉक्टरों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से अनिवार्य रूप से दर्ज कराई जाए। मेडिकल कॉलेज में जारी सभी टेंडरों को सार्वजनिक रूप से घोषित करने, सीनियर डॉक्टरों द्वारा मरीजों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा सरकारी डॉक्टरों द्वारा बाहर निजी प्रैक्टिस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज में शीघ्र ओटी (ऑपरेशन थिएटर) संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिससे मरीजों को तत्काल सर्जिकल सुविधा मिल सके। ज्ञापन में पिछले दो वर्षों में हुई सभी खरीदों की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन की गुणवत्ता जांच पीडब्ल्यूडी विभाग से कराने की मांग भी शामिल है। साथ ही सदर अस्पताल परिसर में प्राइवेट एंबुलेंस के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है। इस मौके में जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, नगर अध्यक्ष आफताब, सुशील अभिनेत्री, संजय दत्त, विकास श्रीवास्तव, उपस्थित रहे।

# रेंजर्स कैंप के दूसरे दिन छात्राओं को गांठो का दिया प्रशिक्षण

## - छात्राओं ने समूहों में अभ्यास कर अपनी क्षमता का किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित रेंजर्स कैंप के दूसरे दिन छात्राओं को विविध व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। द्वितीय दिवस का मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रकार की गांठों (नॉट्स) का प्रशिक्षण रहा। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को रीफ नॉट, शीट बेंड, क्लोव हिच, बोलाइन नॉट तथा फिशरमैन नॉट आदि गांठों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही टेंट बांधने, बचाव कार्य एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रस्सी के सही उपयोग का व्यवहारिक अभ्यास भी कराया गया। छात्राओं ने समूहों में अभ्यास कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। दोपहर सत्र में व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रेंजर्स गतिविधियां युवाओं में सेवा भावना, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुष्का छौंकर ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्राएं आपात परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ कार्य करने में सक्षम



बनती हैं। कार्यक्रम में सदस्य डॉ. ज़िया तसनीम एवं श्री आनंद नाथ का विशेष सहयोग रहा। रेंजर्स कैंप का द्वितीय दिवस कौशल विकास एवं सामाजिक जागरूकता की .ष्टि से सफल एवं प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर प्रो0 शकुन्तला, प्रो0 लक्ष्मीना भारती, डॉ0 चारू मिश्रा, डॉ0 शरद चंद्र राय, रमेश सिंह, डॉ0 मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ0 बृजेश कुमार पाल सहित समस्त महाविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दूसरे दिन का समापन राष्ट्रहित एवं सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ किया गया।

# कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कचेहरी स्थित डीबीए हाल में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आदित्य श्रीवास्तव की ताजपोषी से अधिवक्ताओं के बीच कांग्रेस के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा। पूर्व में इसी पद पर रहते हुए उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया। जिसके चलते कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने आदित्य श्रीवास्तव पर पुनः भरोसा जताया। इस मौके पर अधिवक्ताओं में सूर्यबली निषाद, प्रेम शंकर त्रिवेदी, मनी प्रकाश दुबे, सत्येंद्र श्रीवास्तव, संतोष कुमारी शुक्ला, आफताब अहमद, सुधाकर अवस्थी, ममनून अहमद, अनुराग नारायण मिश्रा, अवधेश नारायण सिंह, बृजेश मिश्रा, वागीश श्रीवास्तव, शिवम सिंह, नवनीत तिवारी, अभय शुक्ला, सतीश मिश्रा, धनंजय लोधी, धीरेंद्र वीर, आशुतोष तिवारी, अंबेश मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय देवारा के मिड-डे-मील में हो रही धांधली

## – मध्यान्ह भोजन में सब्जी से सोयाबीन गायब, टमाटर केवल नाम का

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के ऐरायाँ विकास खंड अन्तर्गत देवारा प्राथमिक विद्यालय के मध्यान्ह (दोपहर भोजन) में मीनू के मुताबिक गुणवत्ता पूर्ण भोजन गायब रहा। जबकि पूर्व में भी कई बार इस विद्यालय के बच्चों ने फल नहीं वितरण होने की बात कहते हुए वीडियो सामने आये थे। बताते चलें कि विकास खंड ऐरायां के देवारा प्राथमिक विद्यालय में मिड–डे–मील भोजन में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। मीनू के अनुसार सोयाबीन युक्त टमाटर आलू की सब्जी और चावल का दिन निर्धारित है, जबकि मीडिया समाचार पड़ताल के दौरान देखा गया कि विद्यालय में रसोईयों ने बताया कि आज दोपहर भोजन में आलू,टमाटर की सब्जी बनी थी। वहीं मौके पर देखा गया कि आंगनबाड़ी के कुछ बच्चे विद्यालय परिसर में जमीन पर बैठकर भोजन कर रहें थे और विद्यालय में शुद्ध फ़िल्टर पेयजल की व्यवस्था नहीं दिखी, तो वहीं भोजन में आलू की सब्जी में टमाटर नाम मात्र का रहा। पुरे मामले में पड़ताल के दौरान प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ऊषा मौर्या ने अपनी विद्यालय की खामियों को छुपाने के लिए फोटो वीडियो बनाने से मना करते हुए कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी ने किसी भी मीडिया कर्मियों को फोटो वीडियो बनाने से मना किया हैं, जिससे विद्यालय स्टॉफ छात्रों की संख्या बताने और स्टॉफ की संख्या बताने में असमर्थता जताई और किसी भी सवाल का जवाब देने से भी साफ मना कर दिया गया। जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रधानाचार्य द्वारा अपने विद्यालय की खामियां छुपाने के लिए मीडिया कर्मियों को फोटो वीडियो बनाने से मना किया गया है। ऐरायां खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग को ही केवल पड़ताल करने का आदेश है, मीडिया कर्मियों को विद्यालय में फोटो वीडियो करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से आदेश लेकर ही विद्यालय में प्रवेश करना चाहिए। उप बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐरायां रत्नमणि मिश्रा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत के लिए बुंदेलखंड राज्य का गठन करें पीएम : प्रवीण

## – राष्ट्रीय सेमिनार में उठी राज्य पुनर्गठन की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। छोटे राज्यों के गठन के लक्ष्य को लेकर चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत तृतीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट सेमिनार हाल नई दिल्ली में किया गया। सेमिनार का संयोजन उत्तरांध्र पार्टी के संस्थापक एवं नए राज्यों के लिए महासंघ के उपाध्यक्ष मेट्टा रामा राव गारू के नेतृत्व में हुआ। यह इस श्रृंखला का तीसरा राष्ट्रीय सेमिनार था, जिसमें देशभर से विभिन्न राज्य आंदोलनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासनिक विकेंद्रीकरण और छोटे राज्यों का गठन आवश्यक है। उनका मत था कि बड़े राज्यों में क्षेत्रीय असंतुलन और विकास की असमानता बनी रहती है, जबकि छोटे राज्यों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होता है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि बिना पृथक बुंदेलखंड राज्य के क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं है और जब तक बुंदेलखंड विकसित नहीं होगा, तब तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य अधूरा रहेगा। वीआरएस आईआरएस अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि उनके प्रशासनिक अनुभव के अनुसार छोटे राज्यों में शासन अधिक पारदर्शी और जवाबदेह होता है, जिससे योजनाओं का लाभ तेजी से आमजन तक पहुंचता है। दिल्ली प्रभारी, बुंदेलखंड आंदोलन राजन धमेरिया ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित प्रयासों से ही राज्य पुनर्गठन की दिशा में ठोस पहल संभव है। प्रतिनिधि मिथिला आंदोलन कमलेश झा ने कहा कि मिथिला राज्य से सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी।

## प्लेवे इंग्लिश स्कूल में ICSE 2026 कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। मंगलवार से प्लेवे इंग्लिश स्कूल में (ऍ 2026) कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा शुरू हुई इस वर्ष दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए सभी छात्र छात्राओं ने कठोर परिश्रम किया । विद्यार्थियों के सालभर के परिश्रम का परिणाम ही बोर्ड परीक्षा फल घोषित होते ही सामने आता है पहले दिन अंग्रेज़ी भाषा प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई। अंग्रेजी के शिक्षक नितिन लेहरी ने छात्र छात्राओं को अंग्रेजी विषय की मुकम्मल तैयारी कराई। परीक्षा शुरू होने के अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य इरम जाफरी तथा विद्यालय की हिंदी शिक्षिका शीला श्रीवास्तव ने बच्चो का मुँह मीठा कराकर उन्हें परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबधक हुसैन जाफरी ने छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस तरह परीक्षा शुचिता के सभी नियमो का पालन करते हुए शुरू हुई। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य शाहिद अख्तर ने छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देकर योग्य नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार तीन घायल

## - 108 एंबुलेंस ने अस्पताल में कराया भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर रोड के समीप अज्ञात तेज रतार कार ने ई रिक्शा सवार को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा सवार रोड पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था में इलाज के लिए ग़ाज़ीपुर सीएचसी सरकारी 108 एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उपचार के बाद हालात गम्भीर बताते हुए एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बबेरू थाना क्षेत्र के जौहरपुर गांव निवासी रानी देवी 20 वर्षीय पत्नी छोटे लाल व राम सजीवन पुत्र रामनाथ 55 वर्ष ई रिक्शा पर सवार होकर घर जा रहे थे। जब उनका ई रिक्शा ग़ाज़ीपुर रोड के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रतार कार ने उनकी ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर गिर गई और रिक्शा सवार दोनों लोग गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना राहगीरों ने सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी गोलू कुशवाह व पायलट शिव नारायण ने दोनों घायल को गाजीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )